
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



आयुष का रूसलान का टीजर रिलीज

जान्हवी कपूर देवारा.......

वर्ष : 10 | अंक : 78 | लखनऊ, 26 फरवरी, सोमवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 18.c

न्यूनतम तापमान 12.c

**बाजार**

सोना 5848/ g

चांदी 75.50/ g

संसेक्स 72,085.63


निफ्टी 21,853.80

# पीएम मोदी ने किया राजकोट, बठिंडा, रायबरेली, कल्याणी और मंगलगिरि में एम्स का उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

राजकोट। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को गुजरात के राजकोट में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का उद्घाटन किया और बठिंडा (पंजाब), रायबरेली (उत्तर प्रदेश), कल्याणी (पश्चिम बंगाल) और मंगलगिरि (आंध्र प्रदेश) में चार और एम्स का लोकार्पण ऑनलाइन तरीके से किया।

मोदी ने यहां आयोजित समारोह में 48,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया और कहा कि उनकी गारंटी तब शुरू होती है जब दूसरों से उम्मीद खत्म हो जाती है। उन्होंने कहा, आजादी के 50 साल बाद तक देश में केवल एक एम्स था और वो भी दिल्ली में। आजादी के बाद के सात दशक में केवल सात एम्स को मंजूरी दी गई लेकिन ये भी कभी पूरे नहीं हुए। प्रधानमंत्री ने कहा, लेकिन



अब केवल 10 दिन में सात नए एम्स का उद्घाटन किया गया या आधारशिला रखी गई। इसलिए मैं कह रहा हूं कि हम देश में पिछले छह से सात दशक में हुए विकास से काफी तेज रफ्तार से देश का विकास कर रहे हैं।

## भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में प्रगति की नयी ऊंचाइयां छू रही है

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नारी शक्ति की प्रशंसा की और कहा कि वे हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 110वीं कड़ी में कहा कि आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस देश की विकास यात्रा में नारी शक्ति के योगदान को सलाम करने का अवसर है। उन्होंने कहा, महान कवि भरतियार जी ने कहा है कि दुनिया तभी समृद्ध होगी जब महिलाओं को समान अवसर मिलेंगे। आज भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले तक किसने सोचा होगा कि भारत में भी गांवों में रहने वाली महिलाएं ड्रोन उड़ाएंगी। उन्होंने कहा, लेकिन आज यह संभव हो रहा है। आज हर गांव में ड्रोन दीदी की कितनी चर्चा है। नमो ड्रोन दीदी, नमो ड्रोन दीदी हर किसी की जुबान पर है। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के सीतापुर की ड्रोन दीदी सुनीता से भी बात की। सुनिता ने अपने ड्रोन प्रशिक्षण के बारे में बात की और बताया कि यह खेती में कैसे मदद करता है। मोदी ने कहा, आज देश में कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां नारी शक्ति पीछे रह गई हो। एक अन्य क्षेत्र जहां महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया है, वह प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और स्वच्छता है। उन्होंने कहा कि देश की मातृशक्ति धरती मां को बचाने में बड़ी भूमिका निभा रही है जो रसायनों के कारण पीड़ा और कठिनाइयों का सामना कर रही हैं।

# सीएम ने करीब 1800 पदों के लिए वितरित किया नियुक्ति पत्र



**युवाओं के सपने, योगीराज में हुए पूरे : मिशन रोजगार**

**योगीराज में पारदर्शिता से मिलने वाली नौकरियों से चमक रहा युवाओं का भविष्य**

**पारदर्शिता से मिली नौकरी, युवाओं ने कहा– निष्ठा से करेंगे कार्य, प्रतिष्ठा से भरा होगा कार्यकाल**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ : उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार की देन है कि नौकरियां सिर्फ और सिर्फ पात्रता तथा पारदर्शिता के आधार पर ही मिल रही है। ऐसी धारणा के साथ मंगलमय भविष्य की कामना पूरी होने पर नवचयनित युवा मुख्यमंत्री के प्रति आभार जता रहे हैं। युवाओं का मानना है कि पारदर्शिता से नौकरी मिली है, लिहाजा अपने कार्य के प्रति उनका दायित्व भी बढ़ गया है। नवनियुक्त अभ्यर्थियों ने कहा कि योगीराज में ईमानदारी की बदौलत हमारे सपने पूरे हुए हैं। अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम भी निष्ठा से कार्य कर आमजन को सरकार की सुविधाओं का लाभ दिलाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद, नकली नोट भी जब्त

मणिपुर पुलिस ने चुराचांदपुर जिले के दो गांवों में तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किया है। पुलिस ने एक बयान में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया कि सुरक्षा बलों ने डी हाओलेनजंग गांव के बाहरी इलाके से शनिवार को चार अग्नेयास्त्र, एक आधुनिक एवं लंबी दूरी तक मार करने में सक्षम भारी मोर्टार बरामद की। बयान के अनुसार वहां से कुल 1,200 रुपये मूल्य के नकली नोट भी जब्त किए गए। पुलिस नियंत्रण कक्ष की ओर से जारी बयान में कहा गया कि एक अन्य तलाशी अभियान में पुलिस टीम ने चुराचांदपुर के मोलजंग गांव से 10 बंदूकें, जिलेटिन की आठ छड़ें और गोला-बारूद बरामद किया। एक अधिकारी ने बताया कि एक भिन्न अभियान में इम्फाल वेस्ट जिले के केईसंपत जंक्शन से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से दो एसएलआर राइफल जब्त की गईं। अधिकारी ने बताया कि इन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

### कौशांबी में पटाखा फैक्टरी में धमाका, भीषण आग में झुलसे 16 लोग, चार की मौत

कौशांबी जिले के महेवा गांव में रविवार को पटाखा फैक्टरी में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 16 लोग झुलस गए। पुलिस के अनुसार कोखराज थाना क्षेत्र के महेवा गांव में एक पटाखा फैक्टरी में दोपहर लगभग 12 बजे आग लग गयी, जिससे चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जान गंवाने वाले चारों लोग हादसे के वक्त फैक्टरी के अंदर थे। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने घटना में चार लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। पुलिस अधीक्षक (अग्निशमन) और कई एम्बुलेंस मौके पर मौजूद हैं। आग पर लगभग काबू पा लिया गया है और बचाव कार्य किए जा रहे हैं।

### दिल्ली में एक मकान में आग लगी, तीन लोगों को बचाया गया

**नई दिल्ली,** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के लाजपत नगर इलाके में शनिवार रात एक मकान में भीषण आग लगने के बाद दमकलकर्मियों ने वहां फंसे तीन लोगों को बचा लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें देर रात एक बजकर 57 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली। उन्होंने कहा कि आग मकान की पहली मंजिल पर लगी थी औरदमकल की पांच गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। डीएफएस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ह्लहमें पता चला कि कुछ लोग मकान के अंदर फंसे हुए हैं। हमारी टीम ने तीन लोगों को बचा लिया है। बचाए गए लोगों में दो वरिष्ठ नागरिक भी शामिल हैं, जिनमें से एक दिव्यांग है। उन्होंने बताया कि बचाए गए लोगों को मामूली रूप से जलने की वजह से नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने कहा, ह्लपुलिस को घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी।

## इस बार आम चुनाव में कांग्रेस उत्तर प्रदेश में अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी : अनुराग ठाकुर

अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को दावा किया कि इस बार आम चुनाव में कांग्रेस उत्तर प्रदेश में अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी क्योंकि पार्टी नेता राहुल गांधी ने राज्य के लोगों की बुद्धिमत्ता पर सवालिया निशान लगा दिया है। ठाकुर ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता ने नेहरू-गांधी परिवार की चार पीढ़ियों को चुनकर लोकसभा में भेजा है। वाराणसी में एक रैली के दौरान उत्तर प्रदेश के युवाओं पर गांधी की हाल में नशे की लत वाली टिप्पणी का जिक्र करते हुए ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता अपना होश खो बैठे हैं और उन्हें पता नहीं है कि वह क्या कह रहे हैं। ठाकुर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के लोगों के मान-सम्मान को ठेस पहुंचाई है। मंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने झूठे वादे कर जनता को धोखा दिया है। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के वीडियो जनता के बीच वायरल हो रहे हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि हिमाचल प्रदेश में युवाओं को पांच लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी और अब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू इस बयान से पलट गए हैं।

# बिना ड्राइवर के 70 किलोमीटर दौड़ी मालगाड़ी, जम्मू के कठुआ से पंजाब के होशियारपुर पहुंची, जांच के दिए आदेश

अमन लेखनी समाचार

जम्मू/चंडीगढ़। डीजल इंजन से चलने वाली मालगाड़ी ने रविवार को चालकों के बिना जम्मू-कश्मीर के कठुआ से पंजाब के होशियारपुर जिले के एक गांव तक 70 किलोमीटर से अधिक की यात्रा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सुबह 7:25 से नौ बजे के बीच हुई, लेकिन इस दौरान किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि घटना की जांच के



आदेश दे दिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि चिप पत्थरों से लदी 53 बोगी वाली मालगाड़ी जम्मू से पंजाब जा रही थी।

उत्तर रेलवे के एक प्रवक्ता ने प्रारंभिक जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि चालक बदलने के लिए ट्रेन को जम्मू के कठुआ रेलवे स्टेशन पर रोका गया था और ऐसा प्रतीत होता है कि यह जम्मू-जालंधर खंड पर ढलान वाली पटरी पर लुढ़कने लगी। अधिकारियों ने कहा कि दोनों चालक लोको पायलट और सहायक लोको पायलट मालगाड़ी में सवार नहीं थे। उन्होंने बताया कि रास्ते में ट्रेन की गति बढ़ती गई और आखिरकार वह पंजाब के ऊंची बस्सी रेलवे स्टेशन के पास एक चढ़ाई पर रुक गई।

जम्मू के संभागीय यातायात प्रबंधक प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया कि घटना का सही पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। प्रथम दृष्टया, ऐसा प्रतीत होता है कि ट्रेन पंजाब की ओर जाते समय ढलान पर लुढ़कने लगी थी। उन्होंने कहा कि ट्रेन 70 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करने के बाद ऊंची बस्सी के पास चढ़ाई के कारण रुक गई। अधिकारियों ने बताया कि रेत की बोरियों की मदद से ट्रेन को सफलतापूर्वक रोक लिया गया।

# कांस्टेबल भर्ती परीक्षा रद्द होने से भाजपा को हर सीट पर करीब 2.5 लाख वोटों का नुकसान होगा : अखिलेश

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ,** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश कांस्टेबल भर्ती परीक्षा रद्द होना भाजपा के लिए चौंकाने वाली खबर है क्योंकि वर्षों से भर्ती का इंतजार कर रहे युवा अब पार्टी को सत्ता से हटा देंगे। लखनऊ में सपा मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा, परीक्षा रद्द होना ब्रेकिंग न्यूज हो सकती है, लेकिन यह भाजपा के लिए चौंकाने वाली (शॉकिंग



न्यूज) खबर है क्योंकि उसे उप्र के हर निर्वाचन क्षेत्र में 2.5 लाख से अधिक वोटों का नुकसान हुआ है। अपने दावे को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा, अगर 60 लाख उम्मीदवारों ने पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन किया था और हम उनके माता-पिता पर भी विचार करें तो यह संख्या 1.8 करोड़ हो जाती है। इसका मतलब है कि उप्र के 80 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से प्रत्येक में लगभग 2.5 लाख लोग भाजपा के खिलाफ वोट करने जा रहे हैं। यादव ने कहा, भाजपा को यह समझना चाहिए कि उसने प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में 2.5 लाख वोट खो दिए हैं और जो युवा वर्षों से पुलिस भर्ती का इंतजार कर रहे थे, वे अब भाजपा को राज्य से हटा देंगे। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रश्नपत्र लीक के आरोपों के बाद हाल में आयोजित पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा शनिवार को रद्द कर दी और छह महीने के भीतर दोबारा परीक्षा कराने का आदेश दिया। राज्य सरकार ने विशेष कार्य बल (एसटीएफ) द्वारा आरोपों की जांच की भी घोषणा की। 17 और 18 फरवरी को आयोजित परीक्षा में राज्य भर में 48 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल हुए थे। यादव ने कन्नौज जिले के 28 वर्षीय बेरोजगार युवा ब्रजेश पाल की आत्महत्या का भी जिक्र किया, जिसने अपने सभी शिक्षा प्रमाणपत्र जला दिए और शुक्रवार को यहां भूड़पुरवा इलाके में अपने घर में फांसी लगा ली थी।

## करौली जिले में गंभीर नदी के जंगल से लगभग 125 गोवंश मवेशी मुक्त कराए: राजस्थान पुलिस

अमन लेखनी समाचार

राजस्थान के करौली जिले में पुलिस ने गंभीर नदी के जंगल से लगभग 125 गोवंश मवेशियों को मुक्त कराया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। करौली के जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने बताया कि ऑपरेशन नन्दी के तहत नई मंडी थानाक्षेत्र में हिंडौन सिटी पुलिस की टीम ने खेडली गुर्जर गांव के पास गंभीर नदी के जंगल में शुक्रवार रात भर 100 से 125 गोवंश मवेशियों को मुक्त कराया। पुलिस के अनुसार उसके अभियान की भनक लगते ही तस्कर फरार हो गये, जिनकी तलाश की जा रही है। एक बयान में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि खेड़ली गुर्जर गांव के पास गंभीर नदी के जंगल में तलाशी अभियान के दौरान पुलिस को 100-125 गाय-बैल आपस में बंधे और भूखे प्यासे हालत में मिले। उनके मुताबिक ग्रामीणों ने बताया कि तस्करों ने इन मवेशियों को यहां पर इकट्ठा किया था और वे उन्हें बाहरी राज्यों में ले जाने वाले थे। पुलिस के अनुसार संभवतः तस्कर पुलिस गाड़ियां देखकर भाग गये। पुलिस ने 32 गायों एवं 26 सांडों को बंजर गौशाला फुलवाड़ा को सौंपा है।

# हरियाणा के सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बहाल

**दो हफ्ते पहले किसानों के प्रदर्शन की वजह से की गयी थी निलंबित**

अमन लेखनी समाचार

चंडीगढ़। किसानों के दिल्ली चलो आंदोलन के मद्देनजर हरियाणा के सात जिलों में करीब दो सप्ताह पहले निलंबित की गई मोबाइल इंटरनेट सेवा को रविवार को बहाल कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा में 11 फरवरी को सेवाएं निलंबित कर दी गई थीं और 13, 15, 17, 19, 20, 21, 23 और 24 फरवरी को निलंबन की अवधि को बढ़ाया गया था। अधिकारियों ने बताया कि इन सात जिलों में मोबाइल सेवाओं के निलंबन की अवधि बढ़ाने के लिए कोई नया आदेश जारी नहीं किया गया है।



गृह विभाग द्वारा जारी एक पूर्व आदेश के अनुसार, हरियाणा के डबवाली सहित सिरसा, अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार और फतेहाबाद अधिकार क्षेत्र में शांति और सार्वजनिक व्यवस्था में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए प्रतिबंध लगाए गए थे। हरियाणा के लोगों ने सरकार के फैसले का स्वागत किया। अंबाला निवासी कमल ने कहा, कई दिनों के अंतराल के बाद मोबाइल इंटरनेट सेवाओं की बहाली एक बड़ी राहत है। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित अपनी मांगों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के वास्ते दिल्ली चलो मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। दिल्ली चलो मार्च को सुरक्षा बलों द्वारा 13 फरवरी को रोके जाने के बाद से प्रदर्शनकारी किसान हरियाणा से लगी पंजाब की खनौरी और शंभू सीमाओं पर डेरा डाले हुए हैं। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने शुक्रवार को कहा था कि प्रदर्शनकारी 29 फरवरी तक दोनों सीमा बिंदुओं पर डेरा डाले रहेंगे।

# मध्यप्रदेश में बीजेपी कार्यकर्ताओं को अमित शाह ने किया संबोधित

अमन लेखनी समाचार

खुजराहो। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को भाजपा कार्यकताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतने का लक्ष्य हासिल करने के लिए पिछले आम चुनाव की तुलना में प्रत्येक बूथ पर 370 अतिरिक्त वोट हासिल करने का प्रयास करने को कहा। शाह मध्य प्रदेश की चार लोकसभा सीट- मुरैना, भिंड, गुना और ग्वालियर के ग्वालियर-चंबल क्लस्टर की बूथ प्रबंधन समिति के लगभग 400 नेताओं और कार्यकर्ताओं से बात कर रहे थे। बैठक में हिस्सा लेने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक स्थानीय नेता ने शाह को उद्धृत करते हुए कहा कि पार्टी के लिये हर एक मत महत्वपूर्ण है।

शाह ने कहा कि उन्होंने कार्यकताओं से पिछले चुनाव की तुलना में प्रत्येक बूथ पर 370 अतिरिक्त वोट सुनिश्चित करने को कहा। नेता ने शाह के हवाले से कहा कि लोकसभा चुनाव में लगभग 100



दिन बचे हैं। केंद्रीय मंत्री ने जमीनी स्थिति जानने के लिए पार्टी के कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ एक-एक कर बैठक की और लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए उनके साथ रणनीतियों पर चर्चा की। नेता ने कहा कि उन्होंने (शाह ने) भाजपा कार्यकताओं से लोकसभा चुनाव में पार्टी का मत प्रतिशत 10 फीसदी बढ़ाने का प्रयास करने का आग्रह किया। नेता ने कहा, उन्होंने भाजपा कार्यकताओं से लोकसभा चुनाव में पार्टी का मत प्रतिशत 10 प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास करने का आग्रह किया। इससे पहले, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और राज्य भाजपा प्रमुख वी.डी. शर्मा ने शाह का यहां पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया।

खुजराहो में पार्टी के बूथ स्तरीय कार्यकताओं को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव भारत को महाशक्ति और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के बारे में है। उन्होंने कार्यकताओं से कहा, कांग्रेस का मतलब है भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचार का मतलब है कांग्रेस। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने अपने 10 साल के कार्यकाल (2004 से 2014 के बीच) में 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले किए। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से कहा, 400 से अधिक सीट जीतकर केंद्र में फिर से मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बनाने का संकल्प लें। आगामी लोकसभा चुनाव मोदी के नेतृत्व में भारत को महाशक्ति और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए है।

मोदी सरकार के तहत अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की सराहना करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी यह कहकर उन पर कटाक्ष करते थे कि भारतीय जनता पार्टी दावा करती है कि वह मंदिर बनाएगी, लेकिन लोगों को निर्माण की तारीख नहीं बताएगी। शाह ने कहा, मोदी सरकार के तहत मंदिर का निर्माण किया गया है। भाजपा जनता से की गई हर प्रतिबद्धता को पूरा करती है।

## भाजयुमो ने मोहनलालगंज में लगाई नमो युवा चौपाल

मोहनलालगंज। भाजयुमो मोहनलालगंज मंडल के अध्यक्ष शुभम सिंह ने रविवार को कार्यकर्ताओ के साथ परसपुर ठठ्ठा, गौतमखेड़ा गौरा, परहेटा गांवो में नमो युवा चौपाल लगाकर युवाओं से सीधा संवाद किया गया।मंडल अध्यक्ष ने युवाओं को केंद्र को मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार से जुड़ी युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गयी साथ ही मोदी व भाजपा को पुनः मतदान कर भारी मतों से विजयी बनाने व 400 सीटों को जीतने का संकल्प दिलाया गया। चौपाल में जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो विशाल तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सनी पाण्डेय, जिला कार्यसमिति सदस्य मुरारी सिंह राठौर मंडल उपाध्यक्ष व सभासद हिमांशु सिंह शुभम, मंडल मंत्री मधुर मिश्रा उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किसान लापता



मोहनलालगंज ।निगोहां थाना क्षेत्र के अमलिहाखेड़ा गांव से एक किसान संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया ।काफी खोजबीन के बाद लापता किसान का पता ना चलने पर परिजनो ने पुलिस से लिखित शिकायत कर तलाशने की गुहार लगायी है ।पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर लापता किसान की तलाश में जुट गयी हैं। निगोहां के अमलिहा खेड़ा गांव निवासी प्रभाकर सिंह ने बताया उसके पिता प्रताप बहादुर सिंह (68 वर्ष) बीते रविवार की सुबह बिना कुछ बताए घर से निकले थे लेकिन देर शाम तक वापस नही लौटे.काफी खोजबीन के बाद भी पिता का कुछ भी पता नही चल सका है ।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया बेटे के द्वारा दी गयी तहरीर के आधार किसान की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

## सदिग्धं परिस्थितियों में युवक का बाग में लटका मिला शव

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के धर्मगंतखेड़ा गांव के बाहर से गुजरी नहरे किनारे स्थित एक बाग में लगे पेड़ की डाल में साड़ी के फंदे के सहारे रविवार की सुबह युवक का सदिग्धं परिस्थितियों में शव लटका मिला ।ग्रामीणो ने युवक का शव पेड़ से लटकता देखा तो परिजनो व पुलिस को सूचना दी ।जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा ।प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज के धर्मगंतखेड़ा गांव में किसान अमरनाथ अपने बड़े बेटे सरोज रावत उर्फ भँवर(25वर्ष) के साथ रहते थे ।पिता अमरनाथ ने बताया देर शाम खाना खाने के बाद बेटा सरोज रोज की तरह अपने कमरे में सोने चला गया ।रविवार की सुबह ग्रामीणो ने गांव के बाहर से गुजरी नहर के किनारे स्थित बाग में महुये के पेड़ की डाल में साड़ी के फंदे के सहारे बेटे सरोज का शव लटकता देख उन्हे सूचना दी ।जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे तो कोहराम मच गया ।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा ।ग्रामीणो ने दबी जुबान में प्रेम प्रसंग के चलते युवक द्वारा आत्महत्या किये जाने की बात कह रहे हैं ।पुलिस ने जांच के लिये मृतक युवक का मोबाइल भी अपने कब्जे में ले लिया हैं ।मृतक के परिवार में पिता अमरनाथ व एक छोटा भाई प्रताप व बहन हैं।

इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है पीएम रिपोट में मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## सरोजनी नगर पुलिस ने सोना तस्करों को गिरफ्तार कर कस्टम अधिकारियों की खोली पोल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ।राजधानी लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट बिल्डिंग के बाहर शनिवार सुबह सरोजनीनगर पुलिस द्वारा पकड़े गए विदेशी सोने की तस्करी करने वाले 12 तस्करों के मामले में एयरपोर्ट पर तैनात कस्टम अधिकारियों ने बड़ा खेल करने का प्रयास किया था। लेकिन सरोजनीनगर पुलिस ने उनके सारे किए पर पानी फेर दिया।बताते हैं कि पुलिस द्वारा एयरपोर्ट बिल्डिंग के बाहर करीब 2 करोड रुपए कीमत के सोने के साथ पकड़े गए इन तस्करों के पास से कस्टम अधिकारियों ने एयरपोर्ट पर जांच के दौरान 98,76,400 रुपये कीमत की विदेशी सिगरेट पकड़ी थी।जिन्हें जब्त भी कर लिया।इस दौरान कस्टम विभाग द्वारा इन तस्करों की स्कैनिंग भी की गई, लेकिन इसके बावजूद उनके शरीर में कैप्सूल के रूप में छिपा सोना कस्टम अधिकारियों को नहीं नजर आया। बल्कि बरामद सिगरेट को जब्त करने के बाद कस्टम अधिकारियों ने सभी तस्करों को छोड़ दिया।लेकिन बाद में मुखबिर की सूचना पर सरोजनीनगर पुलिस ने रामपुर जिले के रहने वाले मो. फय्याज, अजहर अली, मो. मारूफ, जुनैद, मो. मतलूब, मो. सलीम, जहीर अहमद, नवेद, फखरुद्दीन, मो. नफीस, मो.मुजीब और मो. निजामुद्दीन को धर दबोचा।सरोजनीनगर पुलिस के मुताबिक इन तस्करों को पकड़ने के बाद एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों को सूचना देकर उनकी मदद से स्कैनिंग कराई गयी।शारजाह और अबू धाबी से आने वाली इंडिगो की दोनों उड़ान से पहुंचे इन यात्रियों की दोबारा स्कैनिंग कराने पर सभी के मलाशय में सोने के कैप्सूल नजर आए। बाद में सभी से कड़ाई से पूछताछ की गई तो उन्होंने विदेश से करीब 2 करोड रुपए कीमत का सोना मलाशय में छिपाकर लाना कबूला। इसके बाद पुलिस ने इन तस्करों को कस्टम अधिकारियों के सुपुर्द कर दिया।इस मामले में कस्टम अधिकारी इन यात्रियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रहे हैं।उधर सरोजनीनगर इंस्पेक्टर शैलेन्द्र गिरि का कहना है कि पकड़े गए सभी आरोपी शातिर तस्कर हैं।इससे पहले भी यह कई बार इसी तरह विदेश से सोना ला चुके हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि इसमें से कुछ तस्कर बीती 19 फरवरी को भी विदेश से लौटे और बाद में 21 फरवरी को फिर विदेश चले गए। इसके बाद शनिवार को वापस लखनऊ लौटे थे। फिलहाल कस्टम विभाग पकड़े गए सभी सोना तस्करों के खिलाफ आगे की कार्रवाई कर रहा है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के " मन की बात " कार्यक्रम को सुना गया



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । सरोजनीनगर विधानसभा के दक्षिण मण्डल 3 खरीका प्रथम की वार्ड अध्यक्ष जानकी अधिकारी के आवास पर नूतन स्कूल सेक्टर के सभी बूथ अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को लाइव देखा व सुना।इस कार्यक्रम में सरोजनीनगर दक्षिण तीन के मंडल अध्यक्ष विनोद मौर्य , मंडल महामंत्री शिवप्रकाश मिश्रा, मण्डल उपाध्यक्ष राधिका परिहार, प्रेम सिंह रावत ,नगर कार्यसमिति सदस्य राजू बाजपेई, विधानसभा के संयोजक सोशल मीडिया मोहन भट्ट, संयोजक गाँव चलो अभियान के डॉक्टर अजय सिंह, शेर अली,सेक्टर संयोजक राजेश कुमार, बूथ अध्यक्ष सुमन लता, प्रेमा भट्ट, नीतू सिंह, अपर्णा भारती, शिवम् आर्या, सुमिता दत्ता, भरत नगरकोटि, इंदरजीत वर्मा, मीना महोड़ी, रेखा, पवन प्रजापति, सोशल मीडिया के वार्ड संयोजक राहुल सिंह, सेक्टर संयोजक सोशल मीडिया माया राई, रोहित कुमार, आईटी से अभिषेक गुप्ता कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप,रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। बंथरा इलाके में एक हिन्दी दैनिक अखबार के क्षेत्रीय संवाददाता ने गांव के ही रहने वाले दबंग युवक पर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस पीड़ित की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।बंथरा के रसूलपुर गांव में रहने वाले इदरीश खान एक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में सरोजनीनगर से समाचार संकलन का काम करते हैं।इदरीश ने बंथरा पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि रसूलपुर गांव के रहने वाले अर्पित उर्फ तेरा ने शनिवार शाम करीब आठ बजे मोबाइल नम्बर 9129609541 से फोन कर गंदी-गंदी गालियां देने लगा। पीड़ित ने जब इसका विरोध किया तो अर्पित ने कहा कि तुम बहुत बड़े पत्रकार बनते हो। किसी दिन तुमको जान से मार कर फिर जेल चला जाऊंगा। पीड़ित का कहना है कि अर्पित कई बार पहले जेल जा चुका है। यही नहीं आरोप है कि आरोपी अर्पित ने उसे गांव में भी न रहने देने की धमकी दी है।फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

## वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज पुलिस ने चोरी के मुकदमें में न्यायालय से एनबीडब्ल्यू जारी होने के बाद से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया था ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया 2007 में दर्ज चोरी व माल बरामदी के मुकदमें में न्यायालय से एनबीडब्ल्यू जारी होने के बाद से फरार चल रहे अभियुक्त नन्हे उर्फ नन्हकऊ निवासी गौरा थाना मोहनलालगंज को रविवार को उसके घर से पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## हिंदी साहित्य जगत की सबसे महंगी पुस्तक "महंगी कविता" का लखनऊ में लोकार्पण

देश के जाने– माने साहित्यकारों की मौजूदगी में पुस्तक पर हुई परिचर्चा

इस पुस्तक द्वारा आज के युग में एक अभियान पैदा करने की कोशिश है :स्वामी ओमा द अक



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।₹मनुष्यता का सबसे बड़ा विलास है कोई ज्ञान या विचार लेकिन विडंबना यह है कि आज के युग में हर चीज के लिए पैसा है परंतु किसी विचार या ज्ञान के लिए कोई एक पैसा नही देना चाहता वो उन्हें हर जगह से मुफ्त में चाहिए ये पुस्तक आज के युग में एक अभियान पैदा करने की कोशिश है कि आज के इस विलासिता की तरफ भागते हुए युग को समझना होगा कि सभी विलासताओं के ऊपर ज्ञान होता है ₹ उक्त कथन स्वामी ओमा द अक ने अपने द्वारा रचित एवं साहित्य अकादमी पुरस्कृत अनामिका द्वारा संकलित एवं वाणी प्रकाशन द्वारा प्रकाशित काव्य संग्रह ₹महंगी कविता₹ के लोकार्पण कार्यक्रम में दिया ।देश के जाने- माने साहित्यकारों ने पुस्तक पर परिचर्चा करते हुए वरिष्ठ कवि उदय प्रताप सिंह ने कहा कि स्वामी ओमा की कविताएं सामाजिक सरोकार एवं आम आदमी के सवालों को खड़ा करती है साथ ही अनेक दार्शनिक विचारों को भी प्रकट करती है ।पद्मश्री बिंदु विद्या सिंह ने कहा कि कोई भी देश और समाज अपनी भाषा के सम्मान के साथ ही सम्मानित होता है ।डॉ अर्चना दीक्षित ने कहा कि स्वामी ओमा कविताएं अंतर्चेतना से संपन्न है और संसार के मर्म को प्रगट करती है ।लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक राय ने कहा कि साहित्य और भाषा किसी भी समाज की बहुमूल्य थाती होती है ।कार्यक्रम के दौरान वाणी प्रकाशन के अध्यक्ष अरुण माहेश्वरी ने कहा कि यह पुस्तक हिंदी साहित्य के जगत में एक क्रांति है।जाने माने रंगकर्मी डॉ रति शंकर त्रिपाठी ने कहा कि स्वामी की कविता में काशी का अल्हड़पन और अक्खड़पन दोनो शामिल है ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ आईपीएस डी.प्रकाश समेत समर राज गर्ग, डॉ अर्चना दीक्षित, चंद्रशेखर,प्रमोद चौधरी,फारूखी वासिफ,शायर अली साहिल,अमित श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे ।कार्यक्रम का संयोजन हितेश अक एवं साकिब भारत ने किया ।मंच संचालन प्रसिद्ध कवि सर्वेश अस्थाना ने किया।

## ट्रक की टक्कर से स्टूडियों संचालक की मौत,साथी घायल

मोहनलालगंज कस्बे के ज्योतिनगर मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर,स्टूडियो संचालक की मौत,साथी घायल



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।उन्नाव जनपद के मौरॉवा थाना क्षेत्र के मोहद्दीनपुर गांव में अनिल कुमार साहू(36वर्ष) अपनी पत्नी मीनू व दो बेटो विराट व विशाल के साथ रहता था, अनिल ने अकोहरी चौराहे पर संगीनी के नाम से फोटो स्टूडियो खोल रखा था ।पत्नी मीनू ने बताया शनिवार की शाम एक हल्दी रस्म में वीडियों व फोटोग्राफी करने के लिये पति अनिल कुमार अपने साथी विशाल कुमार रावत निवासी बद्रीबक्सखेड़ा के साथ लखनऊ गये थे,जहां से रात 11:00बजे के करीब कार्यक्रम खत्म होने पर वो अपनी बाइक से साथी संग घर वापस आ रहे थे.जैसे ही बाइक से दोनो मोहनलालगंज कस्बे के ज्योतिनगर मोड़ के पास दोनो पहुंचे ही थे कि तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी ?.दुर्घटना के बाद बाइक समेत स्टूडियो संचालक ट्रक के अगले हिस्से में फंसकर काफी दूर तक घिसटता चला गया ओर मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गयी ओर साथी विशाल गम्भीर रूप से घायल हो गया ।सूचना के काफी देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल विशाल को इलाज के लिये सीएचसी भेजने के साथ ही मृतक अनिल कुमार के शव को कब्जे में लेकर परिजनो को घटना की सूचना दी देर रात परिजन सीएचसी पहुंचे तो अनिल का शव देख बिलख पड़े ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया मृतक की पत्नी के द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर ट्रक समेत चालक के विरूद्व मुकदमा दर्ज किया गया है ।दुर्घटना करने वाले ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।

## प्रेस क्बल सरोजनीनगर के पत्रकारों को र्राष्ट्रीय खिलाड़ी नरेन्द्र सिंह चौहान ने किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। पूर्व र्राष्ट्रीय खिलाड़ी व समाजसेवी नरेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि भारत में पत्रकारिता को विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका के बाद लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मान्यता दी गई है। पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ इसलिए भी माना जाता है, क्योंकि जनता की आवाज को लोकतांत्रिक तरीके से अभिव्यक्त करके सरकार तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है और यह जिम्मेदारी पत्रकारों पर है।नरेन्द्र चौहान रविवार को सरोजनीनगर ब्लाक के दादूपुर गांव में प्रेस क्बल सरोजनीनगर के पदाधिकारियां व सदस्यों को सम्मानित करने के बाद समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। प्रेस क्बल के संरक्षक व समाजसेवी शिवकुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मान समारोह के दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में निर्भीक, निष्पक्ष और संतुलित पत्रकारिता का बड़ा सहयोग रहा है। क्षेत्रीय पत्रकारों ने निडर होकर क्षेत्र के कई मुद्दों को अपनी लेखनी के जरिए समाज के सामने रखा है। इसलिए सभी को दादूपुर ग्राम पंचायत की तरफ से पत्रकारिता के योद्धा सम्मान से सम्मानित कर गर्व की अनुभूति हो रही है।उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि आप सभी की लेखनी समाज के उत्थान के लिए निरंतर चलती रहेगी। इस मौके पर प्रेस क्लब सरोजनीनगर के पूर्व अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, अध्यक्ष राज किशोर पासी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजन पाण्डेय, महामंत्री राकेश यादव, कोषाध्यक्ष आसिफ खान, मीडिया प्रभारी पवन तिवारी, सचिव अनवर कुरैशी, संगठनमंत्री मुकेश रावत तथा सदस्य इदरीश खान, सुरेन्द्र यादव, रेहान खान, विनय मिश्रा, राहुल तिवारी व अर्जुन सिंह को अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## इण्टरमीडिएट की परीक्षा देने गई छात्रा लापता मुकदमा दर्ज

लखनऊ ।आलमबाग कोतवाली इलाके में रहने वाली एक इण्टरमीडिएट की छात्रा घर से परीक्षा देने गई थी और वह परीक्षा दे घर वापस नहीं लौटी। आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिव शंकर महादेवन ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित आरतीनगर गढी कनौरा निवासी रुखसाना पत्नी स्व0 मो० शकील के अनुसार उनकी 17 वर्षिय पुत्री महविश इटरमीडिएट की छात्रा है और वह बीते 22 फरवरी को घर से इटरमीडिएट को बोर्ड परीक्षा देने नवयुग कन्या इन्टर कलेज राजेन्दर नगर लखनऊ के लिए दोपहर 12.00 बजे घर से गयी थी। जो अपने घर वापस नहीं लौटी।जिसकी खोजबीन करने के बाद उन्होंने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार गुमशुदा छात्रा की माँ की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है।

## रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री द्वारा आज विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से होंगा शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ, देश के रेलवे स्टेशनों पर हार्वेस्टिंग और हरियाली के इंतजाम का पी एम द्वारा वर्चुअल शुभारंभ सोमवार को किया जाएगा जिसका उपजिलाधिकारी ने तैयारियों का जायजा लिया मातहतो को आवश्यक निर्देश दिए मोहनलालगंज रेलवे स्टेशन पर हार्वेस्टिंग एवम् हरियाली के साथ सुविधाओ से सुसज्जित कर आधुनिक व्यवस्थाओं के साथ मोहनलालगंज रेलवे स्टेशन का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सोमवार दोपहर 12 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया जाएगा जिसकी तैयारियों में मोहनलालगंज रेलवे स्टेशन पहुंचे उपजिलाधिकारी ब्रजेश कुमार वर्मा ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मातहातों को आवश्यक निर्देश दिए और तैयारियों के साथ रेलवे के जिम्मेदार अधिकारियों संग बैठक कर तैयारियों




में स्क्रीन द्वारा प्रधानमंत्री का संबोधन होने के साथ मुख्य रूप से क्षेत्रीय प्रतिनिधियों तथा अधिका रियों को आमंत्रण भेजा गया है क्षेत्रीय प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे इस मौके पर नायब तहसीलदार गुरुप्रीत सिंह नोडल अधिकारी ओ पी तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे

## स्वच्छ जल स्वच्छ मन के तहत निरंकारी मिशन ने सफाई अभियान चलाया

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज लखनऊ , निरंकारी मिशन लखनऊ द्वारा स्वच्छ जल स्वच्छ मन परियोजना के दूसरे चरण का आयोजन रविवार को गोमती नदी के किनारे आयोजित किया गया अभियान में भारी संख्या में निरंकारी मिशन लखनऊ के महिला एवं पुरुष सेवादारों ने गोमती नदी की सफाई कर पर्यावरण को साफ करने एवं आसपास के लोगों में जल निकायों को संरक्षित करने का संदेश भी पहुंचा कर जागरूकता अभियान भी चलाया रविवार को संत निरंकारी मिशन द्वारा सद्गुरु माता निर्देशानुसार प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल स्वच्छ मन परियोजना का आयोजन पूरे देश में किया गया इस सफाई अभियान में संत निरंकारी मिशन लखनऊ के 500 से ज्यादा महिला एवं पुरुष सेवादारों ने स्वेच्छा से पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग कर गोमती के किनारे को साफ करके आसपास के लोगों में जल निकायों को संरक्षित करने का संदेश पहुंचाया राजधानी लखनऊ में आयोजित इस अभियान के बारे में लखनऊ जोन के जोनल इंचार्ज रितेश टंडन ने सभी सेवादारों के प्रति आभार प्रकट करते हुए बाबा हरदेव जी के संदेश को दोहराते हुए बताया कि प्रदूषण अंदर और बाहर दोनों ही हानिकारक होते हैं साथ में उन्होंने यह भी कहा कि संत निरंकारी मिशन द्वारा विगत कई वर्षों से सामाजिक एवं जन कल्याणकारी गतिवि धियों में निरंतर अपने सक्रिय भूमिका निभाते हुए वृक्षारोपण रक्तदान शिविर स्वच्छता अभियान आदि पर्यावरणीय मुद्दों के विषय में जनमानस को जागरुक करते हुए संबंधित योजनाओं का संचालन करता आ रहा है। वही लखनऊ निरंकारी मिशन से जुड़े सेवादार मुकेश सिंह ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल निकायों को संरक्षित करने के विकल्पों के विषय में जनमानस को जागृत करना है ताकि अपने आने वाली पीढियां को एक स्वस्थ भविष्य दिया जा सके।

## तेज रफ्तार डंपर ने वृद्ध महिला को रौंदा,दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ।बंथरा क्षेत्र में रविवार दोपहर सवारी के इंतजार में खड़ी एक वृद्ध महिला (64) को अनियंत्रित डंपर ने रौंद दिया।जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।वहीं मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस डंपर के नम्बर के आधार पर उसकी तलाश में जुट गयी है।उन्नाव जिले के पुरवा थानान्तर्गत दरसवां गांव की रहने वाली कृष्णादेवी (64) अपने गांव जाने के लिए बंथरा में कानपुर रोड के बनी स्थित सई नदी पुल के पास सवारी का इंतजार कर रही थी। तभी वहां से गुजर रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर (यूपी-32टीएन-7123) ने उसे रौंद दिया।जिससे कृष्णा देवी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।मृतक के बेटे सदानन्द ने बताया कि डंपर के रौंदने से उनकी मां का शव क्षत-विक्षत हो गया था। फिलहाल मृतका के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर डंपर को अपने कब्जे में ले लिया है। जबकि उसका चालक मौके से भागने में सफल रहा।

## कैंसर पीड़ित महिला की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। बंथरा इलाके की कैंसर पीड़ित मानसिक अधेड़ महिला की रविवार को इलाज के दौरान लोक बंधु अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चलें कि बंथरा इलाके के लोनहा गांव स्थित मातृत्व छाया आश्रम में निराश्रित व लावारिस घूम रही मानसिक रोगी महिलाओं को रखकर उनकी देखभाल की जाती है।बंथरा थाना प्रभारी हेमंत राघव के मुताबिक करीब 15 दिन पहले इस आश्रम में रहने वाली कैंसर पीड़ित महिला अन्नपूर्णा (55) की अचानक तबीयत खराब हो गई थी। इसके बाद आश्रम के लोगों ने उसे लोक बंधु अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन शनिवार देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बाद में आश्रम के लोगों ने इसकी सूचना कृष्णा नगर पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## धरनारत स्मारक समिति के एक कर्मचारी को पडा हार्ट अटैक,मृत्यु

स्मारक कर्मचारियों में आक्रोश

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ ।ईको गार्डन धरना स्थल में पिछले करीब 70 दिनो से अफनी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर धरनारत स्मारक समिति के एक कर्मचारी को शनिवार की रात अचानक हार्ट अटैक पड गया और उसकी इलाज के दौरान लोक बंधु अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।स्मारक समिति कर्मचारी की मृत्यु की सूचना मिलते ही धरने को छोड़ धरनारत स्मारक समिति कर्मचारियों ने सैकड़ों की तादाद में एक जुट हो आक्रोश व्यक्त करते हुए एलडीए के बीसी सहित सक्षम अधिकारी व सुपरवाइजर पर प्रताड़ना का आरोप लगा एलडीए के बीसी व किसी सक्षम अधिकारी को बुलाने की मांग सहित शव को धरना स्थल ले जा पुष्प अर्पित करने की मांग कर जिद पर अड गए और लोक बंधु अस्पताल मचुर्री के बाद बैठ मांग करते रहे।इस दौरान कृष्णा नगर एसीपी विनय द्विवेदी सहि कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी कैलाश दूबे सहित आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिव शंकर महादेवन व बिजनौर थाना प्रभारी अरविन्द राणा पुलिस कर्मियों संग उपस्थित रहे और स्मारक समिति कर्मचारियों को शव का पंचनामा करा घर ले जाने के लिए समझाते रहे। मूल रूप से गोपालपुर राजा ताजपुर थाना नूरपुर जनपद बिजनौर निवासी मृतक के बड़े भाई बलजीत ने बताया कि वह दो भाई व तीन बहन थे।जिसमें कि उनका छोटा भाई बृजमोहन ( 37) पुत्र संतराम बिजनौर थाना क्षेत्र स्थित न्यू गडौरा में पत्नी राधा व दो बच्चों रौनक (12 ) व पुत्री निधी (8) के साथ रहकर चतुर्थ श्रेणी पर स्मारक कर्मचारी के रूप जनेश्वर मिश्र पार्क में सफाई कर्मचारी पद पर कार्यरत था। लेकिन वह एलडीए अधिकारियों की प्रताड़ना के चलते पिछले करीब 70 दिनों से स्मारक समिति कर्मचारियों के साथ 12 सूत्रीय मांगों को लेकर धरनास्थल ईको गार्डन में धरनारत था। वही मृतक के भाई बलजीत के मुताबिक शनिवार की रात उसके भाई बृजमोहन को अचानक हार्ट अटैक पड गया जिसे इलाज के लिए नजदीकी लोक बंधु अस्पताल लाया गया जहाँ उसकी इलाज के दौरान लोक बंधु अस्पताल में मृत्यु हो गई है। उसने एलडीए के बीसी सहित सक्षम अधिकारियों पर भाई को प्रताड़ित करने व उसकी सैलरी रोक धरने में शामिल न होने की धमकी देने की लिखित शिकायत की है। लखनऊ विकास प्राधिकरण सचिव विवेक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि करीब तीन सौ स्मारक कर्मियों का दिसम्बर माह में अधूरा वेतन दिया गया और 55 कर्मचारियों का जनवरी माह में वेतन रोका गया था जिसे भुगतान किया जाएगा इसके अलावा मृतक कर्मी के पत्नी को आऊटसोर्स द्वारा नौकरी दी जाएगी और मृतक के दो बच्चे रौनक (12) व निधि (8) की शिक्षा सुचारु रूप से जारी रहेगो इसके आलावा मृतक के अंतिम क्रिया के लिए अपने निजी खर्चो से 60 हजार रुपए की धनराशी दी गई है प्रदर्शन रत स्मारक कर्मियों की मांगो की पूर्ति को लेकर मुख्यमंत्री के यहाँ प्रेषित किया गया है सरकार के मंशा अनुरूप मांगो को पूरा किया जाएगा

## संक्षेप

### महाविद्यालय परिसर में रोजगार मेले का किया गया आयोजन

फतेहपुर चौरासी,उन्नाव।उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के सयुक्त तत्वाधान में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अंतर्गत विकासखंड फतेहपुर चौरासी में स्थित अयोध्या प्रसाद मिश्रा महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन कराया गया।मेले का उद्घाटन भाजपा विधायक के श्री कांत कटियार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अयोध्या प्रसाद महाविद्यालय के प्रबंधक अखिलेश मिश्रा ऊर्फ मोनू मिश्रा जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत सिंह , एवं समस्त कर्मचारियों के सहयोग से रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। रोजगार मेले में उन्नाव, पुणे ,लखनऊ , औरंगाबाद, दिल्ली, गुजरात आदि राज्यों की प्रमुख कम्पनियां आई जिनमें वेलस्पन इंडिया लिमिटेड ,पीपल ट्री, पुखराज ,टाटा मोटर्स, ब्राइट फ्यूचर लिमिटेड , प्रथम एजुकेशन सहित 9 कंपनियों ने प्रतिभाग किया और साथ ही 364 से अधिक कुशल अभ्यार्थी साक्षात्कार में उपस्थित हुए जिसमें से 42 से अधिक लोगों को चयनित किया गया। उधर विद्यालय में आयोजित किए गए एक अन्य कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश मिश्रा उर्फ मोनू ने बी ए और बीएससी के प्रतिभावान छात्रों को स्मार्टफोन का निशुल्क रूप से वितरण किया गया ।सुरेश शुक्ला , विनोद गुप्ता, सौरभ आदि मौजूद रहे।

### नर तन परमात्मा का दिया हुआ श्रेष्ठतम पुरुस्कार है पंडित उपेंद्र शास्त्री

सफीपुर, उन्नाव। नगर पंचायत की पूर्व चेयरमैन उमा गुप्ता के निज निवास पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक पंडित उपेंद्र शास्त्री ने परमात्मा की प्राप्ति के लिए साधक की सत्यनिष्ठा बल दिया ।कहा कि नर तन परमात्मा का दिया हुआ श्रेष्ठतम पुरुष्कार है इसकी श्रेष्ठता कायम रहे इसके लिए निरंतर ईश्वर भक्ति ही सुगम मार्ग है। कथा व्यास ने भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा ।उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमद्भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं ।परमात्मा को प्रेम करने वाला अपनी आत्मा और समाज के नैतिक नियमो को भी प्यार करता है ।उन्होंने कहा कि अध्यात्म का संबंध आत्मा और आत्मा का परमात्मा से होता है ।संसार से परमात्मा की ओर उन्मुख होने का यह एक क्रम है ।भक्त इस पावन क्रम से विमुख नही हो सकता ।वह केवल परमात्मा तक ही सीमित नही रहता ।वह विश्व रूप परमात्मा तक फैल जाता है ।सच्चे भक्त की पहचान यही है ।उसका प्रेम भाव सारे जीवों तक के प्रति प्रवाहित होता रहता है ।कोई व्यक्ति कितनी ही पूजा,ध्यान और जप क्यो न कर ले ।लेकिन उसका प्रेम भाव संकुचित हो,प्रसार प्राणि मात्र तक न हुआ हो तो उसे भक्त नही माना जा सकता।

# पी एम मोदी बोले- 3 महीने मन की बात नहीं होगी:लोकसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक मर्यादा का पालन करेंगे, देश की उपलब्धियां नहीं रुकेंगी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो प्रोग्राम मन की बात के 110वें एपिसोड में नारी-शक्ति के योगदान को नमन किया। पीएम ने कहा कि महाकवि भारतियार जी ने कहा है कि विश्व तभी समृद्ध होगा, जब महिलाओं को समान अवसर मिलेंगे। आज भारत की नारी-शक्ति हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही है। उन्होंने आज के एपिसोड में ड्रोन दीदी से बात की। मन की 110 वें अंक के प्रसारण को जिले के सभी 2498 बूथों पर सुना गया इसके लिए लोगों और भाजपा कार्यकताओं ने दुकानों चौराहों के आस पास चौपालों का आयोजन कर लोगों के साथ लोकप्रिय कार्यक्रम के प्रसारण को सुना ।इसके उपरांत बूथ की बैठक कर आगामी चुनाव हेतु योजना रचना बनाई। भाजपा युवा मोर्चा द्वारा युवा चौपालों का भी आयोजन हुआ जिसमें युवाओं ने मन की बात कार्यक्रम को सुना।



सांसद साक्षी महाराज ने गंगाघाट मंडल में मंडल अध्यक्ष आदित्य त्रिपाठी व भाजपा कार्यकताओं के साथ कार्यक्रम को सुना।

जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के ₹मन की बात₹ कार्यक्रम के 110 वे संस्करण को मण्डल न्यूतनी के ग्राम जैतीपुर की बूथ संख्या 313 पर सुना !विधायक पंकज गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात का कार्यक्रम के 110वे संस्करण का श्रवण कर ज्ञानवर्धक प्रेरक मार्गदर्शन प्राप्त किया उन्होंने कहा 'मन की बात' कार्यक्रम सुन कहा सदैव ही हमें समाज में एक नवीन सकारात्मक सोच के साथ बदलाव में भागीदारी के लिए प्रेरित करता है।

विधायक बम्बा लाल दिवाकर ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम मन की बात के 110वें संस्करण को आज बूथ नं० 54, मंडल सफीपुर स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर क्षेत्रवासियों के साथ सुना।

विधायक श्रीकांत कटियार ने बूथ संख्या 244 शास्त्रीनगर फतेहपुर चौरासी में देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को कार्यकत्ताओं के साथ सुना।

विधायक आशुतोष शुक्ला ने मन की बात... 110वीं कड़ी

बूथ संख्या 152 बहुराजमऊ में मंडल अध्यक्ष अजय बाजपेई एवम अन्य कार्यकर्ता बंधुओं के साथ सुनी।

विधायक अनिल सिंह ने मौरावाँ मण्डल के गुलरिहा शक्तिकेंद्र के बूथ संख्या 436 बिसारा में भारत के यसस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के ₹मन की बात₹ के 110वें संस्करण को भारतीय जनता पार्टी के सम्मानित पदाधिकारियों व देवतुल्य कार्य कताओं के साथ सुना।

विधायक बृजेश रावत ने भी कार्यकताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सहित दर्जनों झांकियां प्रस्तुत कर बच्चो ने मचाई धूम

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। स्वर्णिम पब्लिक स्कूल के प्रथम वार्षिकोत्सव में बच्चों ने शिव तांडव, ए वतन ए वतन जाने जा जानेमन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सहित दर्जनों झांकिया प्रस्तुत कर मचाई धूम ।हसनगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत नसरतपुर जंगलेमऊ उर्फ चौगड़ा खेड़ा स्वर्णिम पब्लिक स्कूल ने प्रथम वार्षिकोत्सव के उपलक्ष में विद्यालय परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एडवोकेट बार एसोसिएशन हसनगंज के महामंत्री राजीव कुमार सिंह व विद्यालय प्रबंधक धीरेंद्र कुमार सिंह ने माता सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। जिसमें विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने मंच पर विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रमों के माध्यम से धूम मचा कर सबका मन मोह लिया कार्यक्रम के चलते नर्सरी के बच्चो ने चंदा मामा के गाने पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया तो वही कक्षा 4 के बच्चो ने सरस्वती बंदना की, कक्षा 5 के बच्चो ने प्रधानमंत्री के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर कार्यक्रम प्रतूत किया, कक्षा



6 के बच्चो ने भ्रस्टाचार के खिलाफ नुक्कड़ नाटक सहित दर्जनों रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मंच के माध्यम से विद्यालय प्रबंधक धीरेन्द्र कुमार सिंह ने बच्चो एवम अभिभावको से सोसल मिडिया एवम मोबाइल के दुस्पभाव के बारे मे सचेत किया और सबका आभार व्यक्त किया। इस मौकेपर प्रधानाध्यापिका स्वाति त्रिवेदी, विजय श्रीवास्तव,शिवांगी शुक्ला, आरपी सिंह,पिंकी सिंह,दीक्षा पाण्डेय,शिवांगी कुशवाहा, अंशिका सिंह, मनीषा शिवा, गुंजन शर्मा, साक्षी मिश्रा, रश्मि निगम, रीना राजपूत आदि शिक्षिकाओं सहित मथुरा यादव,दिलीप सिंह,लिटिल सिंह सैकड़ों बच्चे व अभिवावकगण मौजूद रहें।

# नाबालिक पुत्री हुई लापता मां ने पुलिस को दिया शिकायत पत्र

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव ।नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले जाने का आरोप पीड़िता ने युवक व उसके परिजनों पर लगाया है। कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासिनी महिला के मुताबिक बीते 19 फरवरी की शाम वह अपने पुत्रों के साथ खेत गरी थी ।जहां से वापस घर लौटने पर बेटी फोन पर किसी से बात करते मिली ।पूछने पर वह नाराज होकर चुपचाप बैठ गयी ।और उसके बाद पीड़िता अपने घरेलू काम में व्यस्त हो गई ।तभी मौका पाकर अपना आधार कार्ड व पैन कार्ड इत्यादि लेकर बेटी कहीं चली गई ।देर शाम तक न लौटने पर काफी छानबीन बाद भी बेटी का कहीं कोई अता पता नहीं चला ।पता करने पर गांव के ही एक युवक से बातें करने की जानकारी हुई ।जिस पर युवक व उसके परिजनों पर बेटी को कहीं भगा ले जाने की आशंका है ।किसी अप्रिय घटना की आशंकावश सूचना दी है। पीड़िता की तहरीर बाद कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।




# विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजित हुआ कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के प्रयासों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे। उक्त बातें क्षेत्रीय विधायक श्रीकान्त कटियार द्वारा फतेहपुर चौरासी नगर पंचायत पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में कही। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे आयुष्मान योजना, आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना पी एम सम्मान निधि सहित चल रही तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। विधायक श्रीकान्त कटियार ने विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि अब देश का हर नागरिक जागरुक है अब उसे कोई गुमराह नहीं कर सकता। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आप सब के सहयोग से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पुनः देश के प्रधानमंत्री बनेंगे, और देश के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।इस मौके पर प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना तथा आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों को प्रमाण पत्र कैलेंडर भी विधायक ने वितरित किए। कार्यक्रम में जिला नगरी विकास अभिकरण (डूडा), स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग व डूडा द्वारा अपने-अपने कैंप लगाकर जानकारी दी। हमारा संकल्प विकसित भारत के प्रचार वाहन द्वारा भी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई । नगर पंचायत अध्यक्ष मिथिलेश जायसवाल द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। नगर पंचायत के अधिशासी अरविन्द सिंह, वरिष्ठ सभासद राधेश्याम बाजपेई, आरिफ अली, पवन पांडेय, कुलदीप शुक्ल, श्यामानुज पांडेय, मो नफीस, महिला सभासदो के प्रतिनिधि, मुकुंद मिश्रा, दिनेश मिश्र, रामदास कश्यप, राजकुमार द्विवेदी, महेन्द्र सिंह, अनुभूति , नितिन जयसवाल, कार्यालय कर्मी प्रियंका शुक्ला, कृष्णपाल प्रजापति, अंकुर द्विवेदी, विनीत बाजपेई आदि लोग मौजूद रहे।

# बड़े ही धूमधाम से क्षेत्र में निकाली गई शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के कस्बा ऊगू में कल्याणेश्वर महादेव मंदिर समित के द्वारा भगवान शंकर की स्थापना को लेकर शोभा यात्रा बडे धूमधाम से निकाली गई जिसमें नगर के मंदिरों मे जाकर पूजा अर्चना की गई । कस्बा ऊगू के मोहल्ला नेवादा में प्राचीन कल्याणेश्वर महादेव मंदिर स्थित है जिसकी पुनः स्थापना को लेकर शोभायात्रा बडे धूमधाम से निकाली गई। मंशारानी मंदिर जाकर नगर के सभी मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की गई ।पूर्व मे कुछ अराजकतत्वों ने मूर्ति को खंडित कर दिया था जिसको लेकर कल्याणेश्वर महादेव मंदिर की पुनः स्थापना शुभम पटेल व उनके सहयोगियों ने आचार्य देवकीनंदन शास्त्री ऊर्फ टीटू मिश्रा द्वारा स्थापित कराया गया ।जिसमे नगर व क्षेत्र के तमाम लोगों ने हिस्सा लेकर शोभा यात्रा का आनंद लिया।



# अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराकर पलटी एक की मौत, तीन गंभीर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर दूसरी लाइन में जाकर पलट गई घटना में कार सवार चार लोग गंभीर घायल हो गए जिन्हें सीएचसी लाया गया। जहां पर डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। अन्य तीन घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

थाना क्षेत्र सफीपुर के गांव दरौली निवासी फारुख 30 वर्ष पुत्र हसनुद्दीन,जैद 18 वर्ष पुत्र कय्यूम खा,खालिद 21 वर्ष पुत्र तौहीद व फैज पुत्र कय्यूम खा तीनो साथी लखनऊ शहर में रहकर गमले का काम करते है रविवार को सुबरात त्योहार के अवसर पर चारो साथी कार पर सवार होकर लखनऊ से घर लौट रहे थे तभी रविवार को दोपहर बाद करीब तीन बजे बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गांव जोगीकोट के निकट उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।इस हादसे में चारो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद यूपीडा रेस्क्यू टीम द्वारा उन्हें बांगरमऊ के अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया जहा पर डाक्टरों ने 21 वर्षीय खालिद पुत्र तौहीद को मृत घोषित कर दिया। जबकि जैद,फारुख व फैज तीन साथियों को रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया वही दुर्घटना में मौत की सूचना मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया।



# पति-पत्नी के 30 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को हुए राजी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।सिद्धार्थ शंकर मीना पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त परिवार परामर्श केन्द्र से 06, थाना मौरावां व थाना सोहरामऊ से 05-05, थाना दही से 04, थाना पुरवा से 03, थाना औरास, थाना आसीवन, थाना हसनगंज, थाना बिहार, थाना अचलगंज, थाना बांगरमऊ व थाना बारासगवर से 01-01जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में साबिहा उमर, डा0 मनीष सिंह सेंगर, डा0 शशि रंजना अग्निहोत्री, डा0 एस.के. पाण्डेय, डा0 अबसार अली व सगीर अहमद एवं सहयोगी शिवेन्द्र सिंह व पुलिस टीम से प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक संतोष कुमारी सिंह, उप निरीक्षक मधु श्रीवास्तव, मिथिलेश कुमारी, अंजूला त्रिपाठी, मीनू सोलंकी अंशू रानी, साधना यादव, प्रीती राठौर, कीर्ती, मीनू, रूबी, शिवानी वत्स, पूनम राजपूत, श्वेता परमार, सुधा गोस्वामी, शिखा सेंगर, आरती गौतम, ज्योति कुमारी, पूजा यादव,सेविका, भावना, समानता दीपा सिंह का विशेष योगदान रहा।

# चकबंदी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार खतौनी व्हाट्सएप पर वायरस

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। चकबंदी विभाग लगातार भ्रष्टाचार के मामले में सुर्खियों में बनी रहती है इसका जीता जागता उदाहरण तहसील बीघापुर में भी देखा जा सकता है जिसमें आकार पत्र 5 पर्चा बटने के एक वर्ष पूर्व ही उसकी खतौनी गाटा नंबर में न्यायालय द्वारा आदेश कर दिया जाता है जिससे परेशान किसान ने अपनी खतौनी को व्हाट्सएप पर वायरल कर दिया तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में कई वर्षों से चकबंदी का कार्य कुछ गांव में चल रहा है ग्राम बीघापुर परगना मगरायर में आकर पत्र 5 के पर्चा बाटने के 1 वर्ष पूर्व ही खतौनी खाता संख्या 135 की गाटा नंबर 1192 मिलजुमला किस को आकार पत्र 5 मिलने पर पता चलता है कि न्यायालय द्वारा हमारी भूमि पर 1 वर्ष पूर्व ही आदेश कर दिया गया है जिससे परेशान होकर किसान अपनी खतौनी व्हाट्सएप पर वायरल कर दी कानून के जानकारों ने बताया कि जब तक आकार पत्र 5 गांव में नहीं बढ़ जाता है तब तक न्यायालय के द्वारा धारा 9(2) चकबंदी अधिनियम के अन्तर्गत कोई भी आदेश नहीं किया जा सकता है यह कोई पहला मामला तहसील बीघापुर का नहीं है बल्कि जिन गांवों में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है य जिन गांवों में चकबंदी प्रक्रिया हो गई है उनमें सैकड़ो कस्तकार आज भी परेशान घूम रहे हैं।

# लोकसभा निर्वाचन एवं आकस्मिक परिस्थितियों के दृष्टिगत दंगा बलवा नियंत्रण हेतु किया गया अभ्यास

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन एवं आकस्मिक परिस्थितियों व आगामी त्योहारों में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था व समाज में सुरक्षित भयमुक्त वातावरण बनाने के लिये सिद्धार्थ शंकर मीना पुलिस अधीक्षक उन्नाव के नेतृत्व व अखिलेश सिंह अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी के कुशल पर्यवेक्षण में चांदमारी बट कांशीराम में अधिकारियों कर्मचारियों के साथ दंगा नियन्त्रण का पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त थाना प्रभारीगण, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन मय पुलिस बल द्वारा विधि विरुद्ध भीड़ को तितर बितर करने के लिये रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले एंटी राइट गन, टियर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के संबन्ध जानकारी साझा करते हुए बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया। साथ ही समस्त सर्किल के पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधाकरी नगर क्षेत्राधिकारी सफीपुर, क्षेत्राधिकारी पुरवा व क्षेत्राधिकारी बीघापुर के द्वारा दंगाइयों बलवाइयों पर एंटी राइट गन, टियर गैस गन, हैंड ग्रेनेड, टियर स्मोक सेल, नेट आदि के प्रयोगों के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में अवगत कराया गया तथा फायर ब्रिगेड की गाड़ियों का इन परिस्थितियों में किस प्रकार प्रयोग करना है, की जानकारी दी गई। ताकि किसी भी विषम परिस्थिति में सिखलाये गये तरीकों से ऐसी परिस्थितियों का अच्छे से सामना किया जा सके। दंगा बलवा नयंत्रण ड्रिल में करीब 350 अधिकारी कर्मचारीगण द्वारा भाग लिया गया।



# प्रीमियर लीग डे क्रिकेट टूनार्मेंट का किया गया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम शीतलगंज में आर०एस० चौराहा पर स्थित मैदान पर ₹शीतलगंज प्रीमियर लीग डे क्रिकेट टूनामेंट₹ का आज शुभारंभ किया गया। इस मौके पर ग्राम व क्षेत्र के हजारों लोग मौजूद रहे। शीतलगंज प्रीमियर लीग डे क्रिकेट टूनामेंट के आयोजक मुकर्रम अली, आकिब व फैजान ने बताया कि सभी मैच आठ ओवर के होंगे। अभी भी जो टीम इस टूनामेंट में भाग लेना चाहती है वह एंट्री फीस जमा करके भाग ले सकती है। क्रिकेट मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को कमेटी की तरफ से पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फाइनल मैच विजेता को 17 हजार रुपए व उपविजेता टीम को 8 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। आज कुल 8 टीमों के बीच 4 मैच संपन्न हुए। जिसमें पहले मैच में पुरवा ने बांगरमऊ टीम को हराया। दूसरे मैच में यासीन एलेवन बी शीतलगंज की टीम ने फुजैल एलेवन ए शीतलगंज को हराया। तीसरे मैच में रसूलाबाद की टीम ने यादव एलेवन शीतलगंज को हराया। चौथे मैच में गोलू डीजे शीतलगंज ने हसमुद्दीन एलेवन शीतलगंज को हराया। यह टूनामेंट अभी कई दिन चलेगा। इस मौके पर सगीर उर्फ दिलगोदा, मुकर्रम अली, बब्लू, गोरा, नौशाद, आकिब, फैजान, कय्यूम, छोटू, हसरत, हुकूमत, पप्पू, इरशाद, एवन व समाजसेवी फजलुर्रहमान सहित हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।



# तीन दिवसीय बहराइच महोत्सव का गेंदघर मैदान में हुआ रंगारंग शुभारम्भ

### प्रभारी मंत्री ने महोत्सव का किया आगाज

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। मुख्य अतिथि प्रदेश के मंत्री, मत्स्य/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच डॉ. संजय कुमार निषाद ने सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, एमएलसी पदमसेन चौधरी, विधायक सुरेश्वर सिंह, सुभाष त्रिपाठी, सरोज सोनकर, जिला अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला, सीडीओ रम्या आर, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी दिपेन्द्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर सहित अन्य अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर 03 दिवसीय बहराइच महोत्सव का भव्य शुभारम्भ किया। इस अवसर पर खुले आकाश में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़ें गये तथा स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा वंदना गीत, गणेश वन्दना व गीत प्रस्तुत किये गये। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों तथा श्री अन्न व रसोईया प्रतियोगिता के लिए सजाये गये स्टालों का अवलोकन करते हुए मौजूद अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की तथा श्री अन्न तैयार की खीर व अन्य व्यंजनों का आनन्द भी लिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. निषाद ने कहा की ऐसे आयोजन से युवा पीढ़ी को जनपद के सांस्कृतिक, सामाजिक एवं पौराणिक महत्व को समझने का अवसर मिलेगा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि बहराइच जैसे आकांक्षात्मक जनपद में ऐसे आयोजन लोगों के लिए एक अवसर है। कार्यक्रम को सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, एमएलसी पदमसेन चौधरी, विधायक सुरेश्वर सिंह, सुभाष त्रिपाठी, सरोज सोनकर, जिला अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय सहित अन्य वक्ताओं ने बहराइच महोत्सव आयोजन के लिए प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री के प्रयासों तथा सफल आयोजित जिलाधिकारी के नेतृत्व अधिकारियों द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की। डीएम मोनिका रानी व एसपी वृन्दा शुक्ला ने मुख्य अतिथि सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि 03 दिवसीय बहराइच मोहत्सव के प्रथम दिन राम आयेंगे नृत्य की प्रस्तुति, मैट्रो एकेडमी द्वारा हनुमान चालिसा समूह नृत्य एवं सुश्री उर्मिला पाण्डेय एण्ड पार्टी द्वारा गंगा अवतरण, मसान की होली, सुश्री निधि तिवारी द्वारा रामायण नृत्य नाटिका तथा सुश्री स्वाति मिश्रा द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति के अतिरिक्त बहराइच महोत्सव के साथ-साथ इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित खेल प्रतियोगिता अन्तर्गत बालक वर्ग के लिए फुटबाल, कबड्डी, पिट्ठू दौड़ व बोरा दौड़ इत्यादि खेलों का आयोजन किया गया।

## चिंतन

# विश्व व्यापार नियमों से खिलवाड़ सही नहीं

वैश्विक संस्थाओं में भारत के हितों की अक्सर अनदेखी की गई है। चाहे संयुक्त राष्ट्र में स्थाई सदस्यता की बात हो, विश्व व्यापार संगठन में स्वतंत्रता व स्वीकार्यता की बात हो, या आईएमएफ, विश्व बैंक, डब्ल्यूएसओ हो, विश्व की ऐसी दर्जनों संस्थाएं हैं, जहां भारत के प्रति रुख समानता पर आधारित नहीं हैं। अधिकांश वैश्विक संस्थाओं की कार्यप्रणाली अमेरिकी व यूरोपीय हितों की पोषक हैं, जबकि नाम व स्वरूप से संस्थाएं वैश्विक हैं। रायसीना डायलॉग में भारत ने विश्व व्यापार के नियमों के साथ खिलवाड़ का मुद्दा उठाया है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता के लिए लगातार अपनी दावेदारी पेश किया है, पर यूएन मौजूदा जरूरतों के हिसाब से सुधार से कतराता रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कश्मीर मसले पर यूएन की विफलता को रेखांकित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता मिलने के बाद पहले वर्ष में भारत ने बहुपक्षवाद पर भरोसा किया और वह 'कश्मीर पर हुए आक्रमण' के मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र में ले गया, लेकिन अन्य ने भू-राजनीतिक कारणों से इसे 'विलय' का मामला बना दिया। राष्ट्रीय हितों और बहुपक्षवाद के बीच सह-अस्तित्व की आवश्यकता है। भारत ने हमेशा बहुपक्षवाद का समर्थन किया है, लेकिन विश्व की अनेक ताकतों ने बहुपक्षवाद से खिलवाड़ किया है, इसी का नतीजा है आज विश्व भूराजनीतिक तनावों में जकड़ा हुआ है? संयुक्त राष्ट्र में सुधार की तुरंत आवश्यकता है। वैश्वीकरण को देखें तो, तथ्य यह है कि विश्व व्यापार नियमों के साथ भी खिलवाड़ किया गया है। पिछले पांच सालों को देखें, तो सभी बड़े मुद्दों हम बहुपक्षीय समाधान नहीं ढूंढ़ पाए हैं। इसलिए परिणाम या परिणामों की कमी सुधार करने के मामले को दर्शाती है। आज हमारे सामने बहुत सारी चुनौतियां हैं जो इस बात से उत्पन्न हुई हैं कि देशों ने अंतरराष्ट्रीय प्रणाली की कीमत पर अपने लाभ के लिए इसका उपयोग कैसे किया है। विभिन्न जटिल भूराजनीतिक चुनौतियों और उन पर प्रमुख देशों के विविध रुख के चलते समस्याएं नहीं सुलझ पा रही हैं, जबकि वैश्विक प्रयास बीच का रास्ता निकालने का होना चाहिए। वैश्विक ऑर्डर, तनाव व भूराजनीतिक स्थिति में बदलाव के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के ढांचे, उसकी कार्यप्रणाली आदि में परिवर्तन करना होगा, नए वैश्विक प्रेशर ग्रुप बनाने होंगे। चाहे, रूस व यूक्रेन जंग हो या इजराइल व हमास संघर्ष, आतंक गुटों को मदद देने वाले देश हों, आतंकवाद हो, क्षेत्रीय संघर्ष हो, अधिनायकवाद हो, डर का व्यापार हो, हथियारों की होड़ हो, ऊर्जा स्त्रोतों पर आधिपत्य की जंग हो, इनसे विश्व में परेशानियां बढ़ी हैं। शांति, विकास व गरीबी उन्मूलन, सबको स्वास्थ्य के लक्ष्य दूर हुए हैं। आज जरूरत यूएन, डब्ल्यूटीओ आदि में व्यापक सुधार की है। भारतीय हितों की अनदेखी सदा नहीं की जा सकती है। रायसीना डायलॉग से अलग विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के अध्यक्ष बोर्गे ब्रेंडे ने कहा कि भारत आने वाले वर्षों में 10000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। भारत अभी सबसे तेजी से ग्रोथ करने वाला देश है। इसके अलावा भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक आर्थिक, सामरिक भूमिका निभा रहा है। ऐसे में यूएन सुधार में भारत की अनदेखी, वर्ल्ड ट्रेड नियमों में पक्षपात व विकासशील देशों पर दबाव जैसी बातें भारत के सामर्थ्य के अनुरूप नहीं हैं।

# नरीमन, जिनसे राष्ट्रपति भी लेते थे सलाह



स्मृति शेष
विवेक शुक्ला

**फली एस नरीमन को सरकार ने 1972 में अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया तो वे मुंबई से दिल्ली शिफ्ट कर गए थे। नरीमन के पास एक वकील के तौर पर 70 साल से ज्यादा का अनुभव था। इतने लंबे करियर में नरीमन देश के कई ऐतिहासिक मामलों का हिस्सा थे। फली एस नरीमन से देश के राष्ट्रपति भी संवैधानिक संकट के वक्त सलाह लेते और उस पर अमल करते थे। फली नरीमन जब सुप्रीम कोर्ट में जिरह करते थे,तब अपने तर्कों को वजनदार बनाने के लिए पुराने फैसलों और परम्पराओं की झड़ी लगा देते थे। उनकी स्मरण शक्ति गजब की थी। उन्हें कानूनी जगत में वकीलों के भीष्म पितामह की उपाधि मिली हुई थी। अपने इस पद्म विभूषण विभूति को भारत सदैव याद रखेगा।**

प्रख्यात विधिवेत्ता और सुप्रीम कोर्ट में गुजरे पांच दशकों से भी अधिक समय से प्रैक्टिस कर रहे फली एस नरीमन से देश के राष्ट्रपति भी संवैधानिक संकट के वक्त सलाह लेते और उस पर अमल करते थे। फली नरीमन जब सुप्रीम कोर्ट में जिरह करते थे,तब अपने तर्कों को वजनदार बनाने के लिए पुराने फैसलों और परम्पराओं की झड़ी लगा देते थे। उनकी स्मरण शक्ति गजब की थी। वे जब अपने दोनों हाथों को ऊपर-नीचे करके जिरह कर रहे होते थे, तब जज भी उन्हें दतचित होकर सुनते थे। वे छा जाते थे सोमवार और शुक्रवार को। इस दिन सुप्रीम कोर्ट किसी मसले पर याचिका को स्वीकार करते हैं या खारिज कर देते हैं। वे हफ्ते के इन दो दिनों में सर्वाधिक बिजी होते। उनका सक्सेस रेट 80 फीसदी से भी अधिक रहता था। फली एस नरीमन का बुधवार को निधन हो गया। वे 95 साल के थे। उनके परिवार में उनके पुत्र और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज रोंहिटन नरीमन और स्पीच थैरेपिस्ट पुत्री अनिता हैं। उनकी पत्नी बपसी का निधन 2022 में हो गया था। उन्होंने हमेशा संतुलित जीवन जीया।

फली एस नरीमन को सरकार ने 1972 में अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया तो वे मुंबई से दिल्ली शिफ्ट कर गए थे। तब उनका इरादा था कि वे अपने कार्यकाल के खत्म होने के बाद अपने शहर वापस चल जाएंगे, पर उन्होंने देश में 1975 में इमरजेंसी लगाने के विरोध में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। तब फली नरीमन की पत्नी बपसी नरीमन ने उन्हें समझाया कि अब हमें यहां राष्ट्रीय राजधानी में ही रहना चाहिए। उन्होंने पत्नी की सलाह को माना और अंत तक दिल्ली में रहे।

फली नरीमन भोपाल गैस लीक मामले में यूनियन कार्बाइड के मुख्य अधिवक्ता थे। हालांकि फली नरीमन ने कई बार कहा कि यदि दोबारा उनके सामने मौका आया तो वह निश्चित रूप से भोपाल गैस लीक जैसे मामले में यूनियन कार्बाइड के लिए केस नहीं लडेंगे। नरीमन ने एक इंटरव्यू में कहा था, 'यदि मुझे अपना पूरा जीवन एक वकील के रूप में दोबारा जीना पड़े और यह मामला मेरे सामने आए और मुझे उसके बारे में पहले ही पूरी जानकारी हो, तो मैं उस मामले को नहीं स्वीकार करूंगा।' नरीमन ने 1985 में यूनियन कार्बाइड की ओर से मुकदमा लड़ा था। उन्होंने कहा कि 'उन्होंने सोचा था कि भोपाल मामला उनके खाते में एक और उपलब्धि जोड़ देगा।' मेरे कहने का मतलब यह कि उस उम्र में हर कोई महत्वाकांक्षी होता है। लेकिन मुझे बाद में समझ में आया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी.. कोई व्यक्ति मामले में उलझने के बाद उससे अलग नहीं हो सकता.. लेकिन वह कोई मामला नहीं था, बल्कि त्रासदी थी।' भोपाल गैस त्रासदी में हजारों की जान चली गई थी।

फली नरीमन ने भारतीय संविधान के मूलभूत ढांचे के सिद्धांत की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो भारतीय न्यायशास्त्र की आधारशिला है और जो संविधान के मूल सिद्धांतों को मनमाने संशोधनों से बचाता है। नरीमन संविधान के मर्म में गहराई से उतरते थे, इस कारण मूल संरचना को संविधान की नींव करार दिया था जिस पर पूरा राष्ट्र टिका हुआ है। नरीमन संविधान के मूल सिद्धांतों को चुनौतियों के प्रति आगाह करते रहे। वो इसके मूलभूत सिद्धांतों के साथ छेड़छाड़ के संभावित



परिणामों की तुलना 'भूकंप' से करते थे। नरीमन के पास एक वकील के तौर पर 70 साल से ज्यादा का अनुभव था। इतने लंबे करियर में नरीमन देश के कई ऐतिहासिक मामलों का हिस्सा थे। वह गोलकनाथ केस और केशवानंद भारती केस जैसी ऐतिहासिक न्यायिक कार्यवाही का हिस्सा थे। इन केसों में सुप्रीम कोर्ट ने पथ-प्रदर्शक फैसले सुनाए थे, जिससे नागरिकों के अधिकारों की रक्षा हुई और भारतीय लोकतंत्र को डांवाडोल होने से बचाया। अगर बात गोलकनाथ केस (1967) की करें तो इसमें सुप्रीम कोर्ट ने माना था कि संसद ऐसा कानून नहीं बना सकती जो नागरिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करे। इस केस में नरीमन मौलिक अधिकारों के संरक्षण की मांग करने वाले याचिकाकर्ताओं की तरफ से एक हस्तक्षेपकर्ता के रूप में पेश हुए थे।

नरीमन ने प्रसिद्ध वकील नानी पालकीवाला की इस खास केस में मदद की थी, जिसके कारण एक क्रांतिकारी फैसला सामने आया था। इस केस ने संविधान के 'बुनियादी ढांचे के सिद्धांत' को निर्धारित किया था, जिससे संविधान में संशोधन करने की संसद की शक्ति कम हो गई थी। वे टीएमए पाई फाउंडेशन केस का भी हिस्सा थे। सुप्रीम कोर्ट ने इस केस में संविधान के अनुच्छेद 19(1)(जी) के तहत निजी शैक्षणिक संस्थानों की स्वायत्तता को मान्यता दी थी,उन्हें अत्यधिक सरकारी हस्तक्षेप के बिना संचालित करने की अनुमति दी।

इस बीच, वर्ष 2022 में बपसी नरीमन और अब फली नरीमन के संसार से विदा होने से साउथ दिल्ली के सफदरजंग डवलपमेंट एरिया ( एसडीए) के दर्जनों कुत्ते और बिल्लियों ने एक तरह से अपना हमदर्द खो दिया। दोनों पति-पत्नी इनके लिए रोज दिन में एक बार भोजन की व्यवस्था करते थे। इन्हें भोजन साफ-सुथरी थाली में दिया जाता। यह सिलसिला बीते तीसेक सालों से चल रहा था। जब नरीमन दंपती कुत्तों-बिल्लियों को भोजन बंटवाते तब कोई भी भौंकता नहीं था। हालांकि कुत्ते-बिल्लियों का बैर जग-जाहिर है। पर इधर सब प्रेम से पेट पूजा करते। उनके अपने घर में भी एक दर्जन बिल्लियां रहा करती थीं। बपसी नरीमन ने पारसी डिशेज पर कई किताबें भी लिखी थीं।

फली नरीमन अपने पुत्र रोहिंटन नरीमन के लीगल पेशे में सफल होने के लिए अपनी पत्नी बपसी को क्रेडिट देते थे। अपने लीगल पेशे में दिन-रात बिजी रहने वाले फली नरीमन के पास बच्चों के लिए वक्त नहीं था। तब बपसी नरीमन अपने पुत्र और पुत्री का कायदे से लालन-पालन और उनकी शिक्षा पर ध्यान दे रही थीं। रोहिंटन नरीमन और पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण जेटली दिल्ली यूनिवर्सिटी के कैंपस लॉ सेंटर में सहपाठी थे।

भारत सरकार ने जब 1999 में फली नरीमन को राज्य सभा के लिए नामित किया तो वे इस जिम्मेदारी को लेकर उदासीनथे। उन्हें लगता था कि अपने पेशे में व्यस्त होने के कारण वे राज्यसभा सदस्य के रूप में अपने दायित्वों का निर्वाह नहीं कर सकेंगे। तब एक बार फिर उनकी पत्नी बपसी ने उन्हें समझाया कि उन्हें राज्यसभा की सदस्यता को स्वीकार करना चाहिए और वहां देश के समक्ष अहम मुद्दों को उठाना चाहिए। फली नरीमन ने अपनी पत्नी बपसी को साउथ दिल्ली के ग्रेटर कैलाश से सटे जमरूदपुर में निर्धन परिवारों के बच्चों के लिए वोकेशनल ट्रेनिंग का स्कूल चलाने में हर संभव मदद की। फली एस नरीमन को जो भी मिलते, उन्हें वे अपनी आत्मकथा 'बिफोर मेमोरी फेड्स' पढ़ने को कहा करते थे। नरीमन का संबंध मुंबई के वकीलों के परिवार से था। उधर, बपसी नरीमन के नाना खान साहिब सोराबजी ने मुंबई का ताज होटल और गेटवे ऑफ इंडिया का निर्माण करवाया था। फली एस नरीमन ने अपना जीवन आम नागरिकों तक न्याय सुनिश्चित करने के लिए समर्पित कर दिया था। उन्हें कानूनी जगत में वकीलों के भीष्म पितामह की उपाधि मिली हुई थी। अपने इस पद्म विभूषण विभूति को भारत सदैव याद रखेगा।


## पहल

केशव तिवारी

# शिक्षा के लिए सरकार ने खोला खजाना अब बस्तर में गढ़े जाएंगे कीर्तिमान

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का मानना था कि हिंसा को हिंसा से समाप्त नहीं किया जा सकता। ऐसा प्रतीत होता है कि छत्तीसगढ़ की वर्तमान भाजपा सरकार ने बापू के उक्त कथन को अमल में लाना प्रारंभ कर दिया है और इसका द्योतक है पिछले दिनों प्रस्तुत राज्य का बजट उदाहरण के लिए बतौर बानगी देखिए। अविभाजित मध्यप्रदेश और अब छत्तीसगढ़ में भी बस्तर को काले पानी या फिर नक्सलगढ़ की उपमा देकर कमतर आंका जाता था। अक्सर अच्छे अफसर बस्तर में अपनी पदस्थापना से कतराते रहते थे। लेकिन जिसने इस अंचल में अपनी पदस्थापना को चुनौती के रूप में स्वीकारा उसने बस्तर के साथ-साथ अपने नाम को भी रौशन किया है। लगता है प्रदेश की भाजपा सरकार ने बस्तर को 'काला पानी' और 'नक्सलगढ़' जैसे विशेषणों से उबारने का बीड़ा उठा लिया है। यही कारण है कि बस्तर को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पहली बार बजट के माध्यम से वामपंथी उग्रवाद पर नकेल कसने की सकारात्मक पहल की गई हैं। दूसरे शब्दों में उच्च शिक्षा के ढांचे में कसावट लाकर बस्तर की युवा पीढ़ी को देश के मुख्य धारा से जोड़ने की कोशिश बजट के माध्यम से की जा रही है। बहुत कम लोगों को यह ज्ञात होगा कि एक दशक पहले भले ही बस्तर में विश्वविद्यालय की स्थापना कर दी गई हो किंतु इस विश्वविद्यालय में विज्ञान की सामान्य पढ़ाई तक नहीं हो रही थी। यहां केवल पत्रकारिता, वानिकी, मानव विज्ञान, ग्रामीण प्रौद्योगिकी, कंप्यूटर, अंग्रेजी व राजनीति शास्त्र की पढ़ाई हुआ करती थी। फलस्वरूप गांवों में खुले हाई स्कूलों में गणित एवं विज्ञान के शिक्षकों का नितांत अभाव था। राज्य सरकार की नई पहल से बस्तर विश्वविद्यालय में भौतिकी, रसायन, गणित, सांख्यिकी, भूगर्भ शास्त्र, प्राणी शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, सूक्ष्म जीव विज्ञान के साथ-साथ समाजशास्त्र, भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र,एलएलबी एलएलएम, बी. कॉम. एम.कॉम, बीएड, बीपीएड, एमपीएड, डी फार्मा, बी फार्मा, व एम फार्मा जैसे विषयों की पढ़ाई हो पाएगी। कुल मिलाकर जहां विश्वविद्यालय में 20 नए विभाग खोले जाएंगे वही बस्तर के युवाओं के लिए 33 नए कोर्सों की पढ़ाई भी शुरू हो जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति एवं जाने-माने शिक्षाविद प्रोफेसर एमके श्रीवास्तव का कहना है कि नए बजट ने बस्तर के शैक्षणिक, सामाजिक तथा आर्थिक प्रगति का मार्ग खोल दिया है। उनका यह भी कहना है कि अब बस्तर विश्वविद्यालय को मल्टी डिसीप्लिनरी यूनिवर्सिटी के रूप में आसानी के साथ स्थापित किया जा सकेगा। अन्य जानकारों का यह भी मानना है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अपने बजट में बस्तर को सर्वाधिक प्राथमिकता दिए जाने का असर शीघ्र परिलक्षित होने भी लगेगा। इसके असर से बस्तर में व्यापक बदलाव देखने को मिलेगा। केंद्र सरकार ने भी विकास के माध्यम से वामपंथी उग्रवाद पर अंकुश लगाने की जो योजना बनाई थी, उस पर अब राज्य सरकार ने तेजी के साथ अमल करना प्रारंभ कर दिया है। छत्तीसगढ़ का बस्तर संभाग ओडिशा, आंध्रा, तेलंगाना व महाराष्ट्र जैसे राज्यों से घिरा हुआ है। भूभाग में केरल राज्य से भी बड़े क्षेत्रफल वाले इस संभाग में स्वास्थ्य और शिक्षा की सुविधाओं के लिए बस्तरवासियों को सीमावर्ती राज्यों पर निर्भर रहना पड़ता है। लेकिन राज्य सरकार और यूनिर्वसिटी ग्रान्ट कमीशन की 'रूसा योजना' के अंतर्गत इस वित्तीय सत्र में दो सौ करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि आवंटित किए जाने के कारण शिक्षा के क्षेत्र में विशेष रूप से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बस्तर यूनिवर्सिटी विकास के टेक ऑफ स्टेज पर आ खड़ी हुई है। अब इसका तेजी के साथ विकास होगा और राष्ट्रीय स्तर पर यहां के विद्यार्थी भी अपनी प्रतिभा निखार सकेंगे। वैसे शहीद महेंद्र कर्मा यूनिवर्सिटी को सेंट्रल ट्राईबल यूनिवर्सिटी के रूप में स्थापित किए जाने की कवायद भी जारी है। यदि भारत सरकार इसे सेंट्रल ट्राइबल यूनिवर्सिटी का दर्जा प्रदान कर देती है तो दंडकारण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तेलंगाना राज्य के खम्मम और वारंगल जैसे जिले, ओडिशा के कोरापुट, नवरंगपुर तथा मलकानगिरी जिलों के विद्यार्थियों को भी इसका लाभ मिलेगा।


## भक्ति करने से हमें चुनौतियों से लड़ने की शक्ति मिलती है



संकलित
दर्शन

इस विशाल ब्रह्मांड में, एक कालनिरपेक्ष और असीमित ऊर्जा सृष्टि के प्रत्येक पक्ष में प्रकट होती है। ये समय, स्थान, आरंभ-अंत से परे है। अक्सर हम उन लोगों पर दया भाव रखते हैं, जो हमसे अधिक युवा हैं या हम उन्हें कम ज्ञान वाला समझते हैं। इसी प्रकार हम बुजुर्गों द्वारा दिए गए ज्ञान को पुराना और अज्ञान से भरा हुआ मान लेते हैं। लेकिन, हमें ये बात समझने की आवश्यकता है कि दिव्यता बुद्धिमत्ता, आयु या स्वभाव पर ध्यान दिए बिना, सबके हृदय में वास करती है। प्रत्येक व्यक्ति में शिव तत्व का संज्ञान लेने से हमारे भीतर एक समरसता उत्पन्न हो जाती है, जो हमें शिव से एकाकार करती है। पुराने समय के ऋषियों और ज्ञानियों ने हर एक चीज को शिव का ही अंश माना। शिव सर्वव्याप्त हैं। यही वेदों का सार है। वेदांत दूसरी ओर भूला देने और ज्ञान की सीमाओं के परे जाने को भी दर्शाते हैं। वह उसके बारे में भी बताते हैं, जो द्वैत से परे है, अच्छे और बुरे से परे है। वेदांत अद्वैत की वास्तविकता का भी उद्घाटन करते हैं, जो अस्तित्व के मूल में छिपा हुआ है। ईश्वर के सर्वव्याप्त होने की धारणा पर बहुत पुराने समय से प्रश्न उठते आए हैं। यदि ईश्वर सचमुच में सर्वव्याप्त हैं, तो शैतान कहां रहता है। शताब्दियों से धर्मशास्त्रियों ने इस असमंजस पर गुत्थम-गुत्था की है। यदि ईश्वर सर्वव्याप्त हैं, तो कोई शक्ति उन्हें चुनौती कैसे दे सकती है? उत्तर इस समझ में है कि हर एक चीज में ईश्वर है, शैतान में भी।

## चंद्र देव को दक्ष ने दे दिया था शाप



संकलित
प्रेरणा

चंद्र और दक्ष प्रजापति से जुड़ी कथा है। दक्ष प्रजापति ने अपनी 27 पुत्रियों का विवाह चंद्र देव से किया था। दक्ष की सभी पुत्रियों में रोहिणी सबसे सुदर थी। इसी वजह से चंद्र रोहिणी से अधिक प्रेम करते थे और बाकी पत्नियों पर ध्यान नहीं देते थे। इस कारण दक्ष की शेष 26 पुत्रियों को रोहिणी से जलन होने लगी। इन 26 पुत्रियों ने ये बात अपने पिता प्रजापति दक्ष से कह दी। दक्ष ये सुनकर गुस्सा हो गए और उन्होंने चंद्र को धीरे-धीरे क्षीण होने यानी खत्म होने का शाप दे दिया। दक्ष के शाप से चंद्र देव धीरे-धीरे घटने लगा यानी खत्म होने लगे। चंद्र देव ने दक्ष के शाप का असर खत्म करने के लिए ब्रह्माजी से मदद मांगी। तब ब्रह्मा जी ने चंद्र को सलाह दी कि उन्हें प्रभास क्षेत्र (सोमनाथ का क्षेत्र) में शिव जी को प्रसन्न करने के लिए तप करो। शिव जी की कृपा से तुम्हारी समस्याएं दूर हो जाएंगी। ब्रह्मा जी की बात मानकर चंद्र ने प्रभाष क्षेत्र में शिवलिंग स्थापित किया और तपस्या शुरू कर दी। चंद्र के कठोर तप से प्रसन्न होकर शिव जी प्रकट हुए और दक्ष के शाप का असर कम करके अमर होने का वरदान दे दिया। दक्ष के शाप का असर कम होने से चंद्र कृष्ण पक्ष में क्षीण यानी खत्म होता है और शुक्ल पक्ष में चंद्र बढ़ने लगता है। पूर्णिमा को पूर्ण रूप हो जाता है। चंद्र देव ने शिव जी से प्रार्थना की थी कि वे प्रभाष क्षेत्र में ही वास करें। चंद्र देव की प्रार्थना मानकर भगवान ज्योति स्वरूप में प्रभाष क्षेत्र में विराजित हो गए।

## वलीनाथ महादेव मंदिर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को गुजरात के मेहसाणा के तरभ में वलीनाथ महादेव मंदिर के दर्शन के बाद लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।



## आज की पाती

### भारत की विश्व गुरु की छवि पर आंच न आए

**रवींद्रनाथ** टैगोर ने कहा था, 'यदि आप भारत को जानना चाहते हैं, तो विवेकानंद को पढ़िए। उनमें आप सब कुछ सकारात्मक ही पाएंगे, नकारात्मक कुछ भी नहीं।' भारत में बहुत से ऐसे महान महापुरुष हुए हैं और बेशक इन महापुरुषों के जन्मदिन या पुण्यतिथियों पर सरकारों या प्रशासन की तरफ से विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। अगर इन महापुरुषों की बातों या शिक्षाओं का अनुसरण किया जाता रहता तो आज विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की राजनीतिक छवि भ्रष्टाचार, संप्रदायवाद-जातिगत राजनीति या फिर घोटालों के कारण सारी दुनिया में बदनाम न हुई होती।

**- मनीष विश्वकर्मा**, राजनांदगांव

## ट्रेंड

### किसानों को लाभ



देशभर के अपने किसान भाई-बहनों के कल्याण से जुड़े हर संकल्प को पूरा करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में गन्ना खरीद की कीमत में ऐतिहासिक बढ़ोतरी को मंजूरी दी गई है। इस कदम से हमारे करोड़ों गन्ना उत्पादक किसानों को लाभ होगा।

**-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### छोटी सोच का परिचय



मयूरभंज आदिवासी बहुल इलाक़ा है। यह राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू जी का भी गृह क्षेत्र भी है। राष्ट्रपति पद का चुनाव था तो कांग्रेस को दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर उनका समर्थन करना चाहिए था। मगर उन्होंने अपनी छोटी सोच का परिचय दिया।

**-राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री**

### देश जसप्रीत सिंह के साथ



अपना 'राजनीतिक बाज़ार' सजाने के लिए 'नफरत की खेती' का ज़हर समाज में फैल चुका है। इस ज़हर से अंधे हो चुके लोग न किसान देख रहे हैं, न जवान और न ही खाकी का सम्मान। देश आईपीएस जसप्रीत सिंह के साथ है।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### एआई बहुत महत्वपूर्ण




अब यह स्पष्ट हो गया है कि ऐसा क्यों है। एआई ग्रोथ बहुत महत्वपूर्ण है। अभी यह पूर्णत: से दूर है, लेकिन इसमें तेजी से सुधार होगा। वी 1.5 2 सप्ताह में रिलीज़ होगा। आलोचना बेपरवाह सत्य की खोज कभी इतनी आवश्यक नहीं रही।

**-एलन मास्क, उद्योगपति**

## करंट अफेयर


# लोगों से मिली शुभकामनाओं से अभिभूत हूं: चार्ल्स तृतीय



ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय ने कहा कि उनके कैंसर से पीड़ित होने की जानकारी मिलने के बाद से लोगों से उन्हें जो शुभकामना संदेश मिल रहे हैं उससे वह अभिभूत हैं। महाराजा ने यह बात अपने इलाज के लिए सार्वजनिक कर्तव्यों से हटने के बाद पहली बार प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ साप्ताहिक बैठक में कही। चार्ल्स ने बुधवार को 'प्रिवी काउंसिल' से भी मुलाकात की। यह वरिष्ठ अधिकारियों का एक समूह है जो सरकारी मामलों पर महाराजा को सलाह देने के लिए महीने में एक बार बैठक करता है। चार्ल्स (75) ने कहा है कि वह अपने देश के प्रति कर्तव्यों का पालन करना जारी रखना चाहते हैं।

## ऑफ बीट

# गरीब देशों में समयपूर्व जन्मे बच्चों की मौत अधिक होती है



दुनिया भर में 2020 में समय से पहले जन्म संबंधी जटिलताओं के कारण हर 40 सेकंड में एक बच्चे की मौत हो गई। पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु दर के अधिक होने का प्रमुख कारण समय से पहले जन्म है। दुनिया के निम्न और मध्यम आय वाले देशों में समय से पहले जन्म लेने वाले शिशुओं की संख्या काफी अधिक है। दुनिया के लगभग 80 प्रतिशत ऐसे मामले कम और मध्यम आय वाले देशों में ही होते हैं। अफ्रीका महाद्वीप में मलावी, दक्षिण अफ्रीका, इथियोपिया, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और बोत्सवाना ऐसे देश हैं, जहां समयपूर्व जन्मे शिशुओं की संख्या काफी अधिक होती है। इथियोपिया में 2020 में 12.9 प्रतिशत बच्चे समय से पहले पैदा हुए।

## संक्षेप

### शादी के डेढ़ साल बाद महिला ने दी जान

#### सुलतानपुर में नमाज पढ़कर कमरा किया बंद, फिर फंदा बनाकर झूल गई मौलाना की पत्नी

सुलतानपुर, सुलतानपुर में गुरुवार दोपहर बाद शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत रसूलहा गांव में एक नवविवाहिता ने कमरे में नमाज अदा की। फिर कमरे में फांसी का फंदा लगाकर वो झूल गई। संदिग्ध अवस्था में उसकी मौत से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए बयान दर्ज किया है। लंभुआ कोतवाली अंतर्गत खुदौली निवासी अजमल हुसैन उर्फ फखरुद्दीन पत्नी रुखसार के साथ शिवगढ़ थानाक्षेत्र अंतर्गत गांव रसूलहा अलसुनहरी मस्जिद में रहते थे। दोनों पति-पत्नी यही मस्जिद में शिक्षण कार्य करते थे। पति अजमल ने बताया कि वह भतेरा गांव में किसी प्रोग्राम में गया था। प्रोग्राम से वापस आया तो देखा कि पत्नी रुखसार कमरे में नमाज पढ़ रही थी। नमाज पढ़ने के कुछ समय बाद पुनः कमरे की तरफ गया तो देखा कि कमरे का दरवाजा बंद था। किसी तरह दरवाजा खोलकर देखा तो वह पंखे से लटक रही थी। आनन-फानन में पत्नी को फांसी के फंदे से खोलकर नीचे उतार कर बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह मर चुकी थी। मृतका के पति ने शव को लेकर अपने गांव खुदौली चला आया। घटना की जानकारी होने पर नायब तहसीलदार एवं लंभुआ कोतवाली की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मृतका का ननिहाल ढेलहा गांव में है। उसका मायका बनीशेरखानपुर दोस्तपुर में है। परिवार की स्थिति ठीक न होने के कारण मृतका की शादी डेढ़ वर्ष पूर्व 5 मई 2022 उसके मामा ने अपने यहां से ही की थी।

### अयोध्या में हत्या का आरोपी गिरफ्तार

#### पुरानी रंजिश में 5 दिसंबर को किया था युवक मर्डर

अयोध्या, अयोध्या के पूराकलंदर पुलिस ने विवेक सिंह हत्याकांड के पांचवें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बीते पांच दिसंबर को अबनपुर सरोहा के चर्चित विवेक सिंह हत्या कांड में यह फरार चल रहे थे। जिन्हें पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के अबनपुर सरोहा में बीते पांच दिसंबर को पुरानी रंजिश को लेकर विवाद के दौरान गोली चल गई थी, जिसमें विवेक सिंह की मौत हो गयी थी। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पांचवां आरोपी फरार चल रहा था। पूराकलंदर थाना प्रभारी रतन कुमार शर्मा ने बताया कि गुरुवार को सुबह करीब 6 बजे सूचना मिली कि आरोपी दर्शन नगर भरतकुंड मार्ग पर रैथुवा गांव के पास घूम रहा है। सूचना मिलते ही उप निरीक्षक राजकुमार पटेल व कांस्टेबल प्रदीप कुमार यादव ने पहुंचकर आरोपी युवक शेखर सिंह उर्फ आश्चर्य सिंह पुत्र अरुण कुमार सिंह उम्र करीब 26 वर्ष निवासी खिरिया थाना वजीरगंज जिला गोंडा को थाना क्षेत्र के रैथुवा मोड़ से गिरफ्तार का जेल भेज दिया।

# संगठन विस्तार व सदस्यता अभियान को लेकर हुई चर्चा

## भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ की हुई बैठक

### कामगारों व श्रमिकों को दिलाया जायेगा उनका हक: एस पी सिंह

अमन लेखनी समाचार/मो. कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। बीते रविवार को संगठन विस्तार के निमित्त भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ बहराइच की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बाबा परमहंस कुटी स्थित जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित हुई इस बैठक मे संगठन विस्तार पर चर्चा की गई। इस दौरान बैठक को सम्बोधित करते हुए संगठन जिलाध्यक्ष एस पी सिंह ने कहा कि भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ श्रमिक कर्मचारी व मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि हर हाल में श्रमिको व कामगारों के अधिकार उन्हे दिलाना है और उनके मान सम्मान की चिंता करनी है। बैठक को इसके अतिरिक्त प्रदेश महामंत्री पवन वर्मा व जिला महामंत्री संतोष मिश्रा ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर बैठक मे मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, जिला सचिव दस्तगीर शाह, जिला मंत्री विक्रमादित्य, संरक्षक बद्री सिंह, मीडिया प्रभारी कमल नयन साहू, दिनेश मिश्रा सहित समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# एक करोड़ 17 लाख की लागत से बनेगी सड़क

## विधायक सुभाष त्रिपाठी ने किया शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। रविवार को पटीहाट चौराहे से बड़कागांव तक बनने वाली सी सी और पेंटिंग रोड का विधायक सुभाष त्रिपाठी ने शिलापट का अनावरण कर शिलान्यास किया।शिलान्यास कार्यक्रम में भाजपा नेता निशंक त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष उमा शंकर तिवारी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।ज्ञात हो कि पयागपुर इकौना मार्ग पर स्थित पटिहाट चौराहे से बड़कागांव तक लगभग डेढ़ किलोमीटर सड़क अत्यंत जर्जर होने से आने जाने वालो को परेशानी होती थी।शिलान्यास कार्यक्रम में लोगो को संबोधित करते हुए विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रत्येक गांव को मुख्य संपर्क मार्ग से जोड़ने का कार्य हो रहा है। इसी क्रम में पयागपुर इकौना मुख्य मार्ग से बड़कागांव तक कुल एक करोड़ सत्रह लाख बयालीस हजार की कीमत से 13.20 किलोमीटर सड़क जिसमे से600मीटर सी सी रोड और सात सौ बीस मीटर पेंटिंग रोड शासन से स्वीकृत हुई है। भाजपा नेता निशंक त्रिपाठी ने कहा उक्त सड़क के बनने के बाद गांव की प्रगति और तेजी से होगी। कार्यक्रम में ओमप्रकाश पांडेय, राधेश्याम तालुक दार, मंगलप्रसाद शुक्ल, दद्दू कोरी, ग्राम प्रधान शब्बीर अहमद, पूर्व प्रधान दद्दन सैनी, बाबा दीन वर्मा और प्रमोद पांडेय, किन्चू मिश्र, विनोद तिवारी, अमरेन्द्र शुक्ल, प्रधान विमलेश तिवारी, रामजी पाण्डेय सहित तमाम क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# सुलतानपुर में पहुंचे परमहंस आचार्य

- कहा- देवबंद पर नहीं लगा बैन तो भारत में जितने मदरसे हैं उन्हें तोड़कर फेंक देंगे

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, अयोध्या के तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर परमहंस आचार्य सुल्तानपुर पहुंचे। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए विवादित बयान दिया। दारुल उलूम देवबंद से आए विवादित फतवे के मुद्दे पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैं केंद्र और राज्य सरकार से मांग करता हूं कि दारुल उलूम देवबंद पर प्रतिबंध लगाया जाए क्योंकि यहां से हजारों मदरसे संचालित होते हैं। जिसमें करोड़ों मुस्लिम बच्चे पढ़ते हैं उनके अंदर जिस तरह से जहर भरा जा रहा है एक सांप्रदायिक जहर हिन्दुओं के विरोध में ये निश्चित रूप से बेहद आपत्तिजनक है। अगर इसपर कार्रवाई नहीं होगी तो हम साधु संत और तमाम हिंदूवादी संगठन भारत में जितने मदरसे हैं तोड़कर फेक देंगे। उन्होंने आगे कहा कि दारुल उलूम देवबंद ने जो फतवा जारी किया है कि गजवा-ए हिंद में मरने वाला जो मुसलमान है वो सबसे बड़ा शहीद है, ये भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाने का फतवा है। ये असंवैधानिक, हिंसा, फसाद और देश का माहौल बिगाड़ने वाला फतवा है।

# फसल देख फफककर रो पड़ा किसान

- बांदा में बारिश और ओलावृष्टि, बेटी की शादी की थी तैयारी, कर्ज में डूबे किसान परेशान

अमन लेखनी समाचार



बांदा, बुंदेलखंड का किसान भारी बारिश और ओलावृष्टि से हुई तबाही से उबरने का प्रयास कर रहा है। बेमौसम हुई बारिश और ओलावृष्टि ने बबेरू और पैलानी तहसील के किसानों की तैयार हो चुकी फसल को तबाह कर दिया। वहीं खेत पर बर्बाद हुई फसल देखकर एक किसान फफककर रो पड़ा और वहीं खेतों में गिर गया। साथ के लोग किसी तरह से उठाकर उसे ले गए। ओलावृष्टि से खराब हुई फसल को देखकर किसान सदमे में हैं। कर्ज लेकर या फसल को बेचकर बच्चों की शादी करने का आसरा लगाए किसान की सारी उम्मीद ओलावृष्टि ले गई। शासन द्वारा ओलावृष्टि का निरीक्षण तो कराया जा रहा है पर क्या फसलों का मिलने वाला मुआवजा किसानों को राहत दे पाएगा। बता दें कि मामला बांदा के बबेरू और पैलानी तहसील का है। बीती रात और सुबह हुई भारी बारिश और ओलावृष्टि से रवि की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों द्वारा फसल लगाने के लिए कड़ी मेहनत और लोगों से कर्ज लेकर बुवाई के साथ ही जी तोड़ मेहनत की गई। सुबह खेत पर जैसे ही किसान पहुंचा और उसने अपनी मेहनत से तैयार की फसल देखा तो सदमे में आ गया। गेहूं, चना और मटर की खड़ी फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई, जिससे किसानों की उम्मीदों पर पानी फिर गया। बबेरू तहसील के लगभग एक दर्जन गांवों की फसल पूरी तरह से खराब हो जाने के बाद वहां के किसानों का दर्द बयां नहीं किया जा सकता है।

कमासिन क्षेत्र का किसान जगदीप जैसे ही खेत पर फसलों का हाल लेने पहुंचा तो नष्ट हुई फसल को देखकर फफककर रो पड़ा और बेसुध होकर जमीन पर गिर पड़ा।

ऐसा लग रहा था जैसे ओले फसलों पर नहीं किसान की उम्मीदों पर पड़े हैं। किसान ने बताया कि उसने किसी तरह से व्यस्था करके फसल लगाई थी और उसे अपने खून और पसीने से सींचा था।

# बाघ गौशाला पहुंच गायों को बना रहा निवाला, ग्रामीणों में दहशत



### रेंज मोतीपुर के अंतर्गत ग्राम कतरनिया पुरवा का मामला

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के रेंज मोतीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कतरनिया पुरवा गांव में बाघ की आमद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। गांव में स्थापित अस्थाई गौशाला में पहुंचे बाघ ने शुक्रवार दो तथा शनिवार को एक गाय का निवाला बना लिया। सुबह जब इसकी सूचना ग्रामीणों को हुई तो सब दहशत में आ गए। ग्रामीण रामवीर ने बताया कि गांव में लगातार बाघ आ रहा है जिससे लोगों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है। वन क्षेत्राधिकार मोतीपुर एसके तिवारी ने बताया कि सूचना मिली है मौके पर टीम भेजी गई है। ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है।

# सुलतानपुर में देवर-भाभी को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

- भाभी की मौत, देवर गंभीर रूप से घायल, दवा दिलाने लेकर आया था

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुलतानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के लिंक रोड के अंडरपास के पास जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के चिरानेडीह अंडरपास के पास शुक्रवार को हादसा हुआ। यहां दवा लेकर बाइक से घर लौट रहे देवर-भाभी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में देवर-भाभी दोनों गंभीर रूप से घायल हुए। दोनों को आनन-फानन में बिरसिंहपुर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने भाभी को मृत घोषित कर दिया और देवर को गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर से लखनऊ रेफर कर दिया गया है। कोतवाली क्षेत्र जयसिंहपुर के कारेबन गांव निवासी बसंत कुमार (26) पुत्र जवाहर करीब 11 बजे अपनी भाभी अंतिमा (30) पत्नी भीमसागर को बाइक से सेमरी बाजार दवा दिलाने के लिए लेकर आया था। दवा लेकर दोनों घर वापस लौट रहे थे। अभी वे चिरानेडीह गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के अंडरपास को पार कर लिंक रोड पर पहुंचे ही थे तभी अचानक बगल से बिरसिंहपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी की देवर-भाभी दोनों सड़क पर दस फीट दूर नीचे जा गिरे। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। चालक अज्ञात वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने आनन-फानन में दोनों को एंबुलेंस से बिरसिंहपुर अस्पताल भिजवाया।

जहां मौजूद चिकित्सकों ने अंतिमा को मृत घोषित कर दिया और उसके देवर बसंत का प्राथमिक उपचार कर राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर भेज दिया।

# मिल्कीपुर में अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना

## सब्जी फसलों पर 42वीं वार्षिक समूह की बैठक, डीडीजी बोले- नई तकनीकी से ही कृषि जगत को मिलेगी नई पहचान

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना अंतर्गत सब्जी फसलों पर 42वीं वार्षिक समूह की बैठक में बैज्ञानिकों ने कृषि में नई तकनीकों की पहचान करने के साथ-साथ नई प्रजातियों को विकसित करने की जरूरत है। नई तकनीकों के प्रयोग से किसानों को भी अधिक से अधिक लाभ होगा। फसलों की अच्छी पैदावार के लिए रोग प्रतिरोधक प्रजातियों को विकसित करने पर कार्य करना होगा। यह बातें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के उप महानिदेशक डा. संजय कुमार सिंह ने कही। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के सहायक उप महानिदेशक डॉ. सुधाकर पांडेय ने कहा कि कृषि में विकास के लिए जैविक, प्राकृतिक एवं अनुसंधान आधारित खेती को अपनाने की जरूरत है। वैज्ञानिकों के साथ-साथ किसानों को फसल उत्पादन के लिए नई-नई तकनीकियों पर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि फसलों की अच्छी पैदावार के लिए जलवायु प्रतिरोधी किस्म, कृत्रिम बु?द्धिमत्ता एवं ड्रोन को उपयोग में लाना होगा। भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी के निदेशक डा. टी. के. बहेरा ने कहा कि कृषि जीडीपी में 33 प्रतिशत है, जिसमें बागवानी में 71 प्रतिशत नारी शक्ति, सब्जियों का योगदान 60 प्रतिशत और फलीय फसलों का योगदान 29 प्रतिशत है। सब्जियों की अच्छी पैदावार के लिए रोग प्रतिरोधी गुणवत्तापूर्ण बीजों का उत्पादन और सब्जियों के जर्मप्लाज्म को बढ़ाना होगा। उन्होने कहा कि बेहतर सब्जी फसल के लिए निजी कंपनियों को भी आगे आने होगा।

# द्वारिकापुरी से अयोध्या पहुंचे 30 सदस्यीय टीम

- हाइड्रोपोनिक सिस्टम के तहत खेती कर रहे किसानों से मुलाकात कर जानी तकनीक

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, गुजरात के द्वारकापुरी से 30 सदस्यीय टीम अयोध्या पहुंची हैं। सहकारी बैंक और नाबार्ड के तत्वाधान में सभी अयोध्या आए हैं। सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल मिल्कीपुर तहसील के हैरिंग्टनगंज विकास खंड के बसवार खुर्द गांव में कृषक हरिश्चंद्र चौरसिया से मुलाकात किया। इस दौरान हाइड्रोपोनिक सिस्टम के तहत हो रही खेती तकनीक के बारे में जानकारी ली। गुजरात के अमरोली जिले से सहकारी बैंक के निदेशक मंडल का तीस सदस्यीय दल अध्ययन के लिए मिल्कीपुर तहसील के हैरिंग्टनगंज विकास खंड के बसवार खुर्द गांव पहुंचा। टीम के सदस्यों ने बंसवार खुर्द में हरिश्चंद्र चौरसिया के यहां स्थापित हाइड्रोपोनिक सिस्टम को देखा। इस दौरान किसान हरिश्चंद्र चौरसिया से हाइड्रोपोनिक सिस्टम खेती करने के बारे में जानकारी। नई तकनीकी से हो रही खेती की जानकारी लेकर सभी सदस्य काफी खुश नजर आए। नाबार्ड की उप महाप्रबंधक विदिशा डोरा ने अपने संबोधन में कहा कि बढ़ती हुई आबादी को बढ़िया भोजन उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती है। ऐसे में हाइड्रोपोनिक विधि किसानों के लिए राम बाण सिद्ध हो रही है। क्योंकि मिट्टी की लगातार गिरती गुणवत्ता की वजह से फसलों की उपज पर काफी बुरा असर पड़ रहा है। हालांकि, इस बीच खेती-किसानी को लेकर नए-नए विकल्प भी सामने आ रहे हैं। इधर कुछ सालों से हाइड्रोपोनिक तकनीक से खेती करने का चलन काफी तेजी से बढ़ा है। इस तकनीक में पौधे को लगाने से लेकर विकास तक के लिए मिट्टी की जरूरत नहीं पड़ती है। इतना ही नहीं उन्होंने ने कहा की हाइड्रोपोनिक तकनीक के माध्यम से छोटे पौधों वाली फसलों के लिए बहुत अच्छी है इसमें गाजर, शलजम, मूली, शिमला मिर्च, मटर, स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी, ब्लूबेरी, तरबूज, खरबूजा, अनानास, अजवाइन, तुलसी, टमाटर, भिंडी जैसी सब्जियां और फल उगाए जा सकते हैं।

# मिल्कीपुर में पशु शेड वितरण मामले में बी.डी.ओ पर कार्रवाई

#### 5000 रुपए प्रति लाभार्थी से लेने का था आरोप; सीएमन से शिकायत के बाद हुई कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के अमानीगंज ब्लाक के खंड विकास अधिकारी (बी.डी.ओ) सुरेंद्र सिंह राणा को निलंबित कर दिया गया है। बीडीओ पर पशु शेड के लाभार्थियों से 5000 प्रति व्यक्ति रिश्वत लेने का आरोप लगा था। आरोप सही पाए जाने पर बीडीओ के खिलाफ ग्राम विकास आयुक्त कार्यालय लखनऊ द्वारा निलंबन की कार्रवाई करते हुए कार्यालय से अटैच कर दिया गया है। मनरेगा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को 1,60,000 रुपए पशु शेड स्थापित करने के लिए दिया जा रहा है। 20 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान खण्डासा बाजार में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह से शिकायत किया था कि पशु शेड लाभार्थियों से पशु शेड देने के नाम पर 5000 हजार रुपए की वसूली की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान ही खंड विकास अधिकारी ने कहा कि जो कुछ भी आरोप मेरे ऊपर लगाए जा रहे हैं वे निराधार है। शिकायत को देखते हुए ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह ने पूरे मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की थी।

# डिवाइडर से टकराई कार...दंपती समेत 3 की मौत

- सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हादसा, शादी में हरियाणा से बिहार जा रहा था परिवार

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुलतानपुर में शुक्रवार की सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई ।हादसे में कार सवार 2 महिलाओं समेत 3 की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। यूपीडा और पुलिस की टीम मौके पर राहत और बचाव कार्य में जुटी है। कूरेभार थाना क्षेत्र के सेउर गांव के पास की है। जानकारी के अनुसार शादी समारोह में शामिल होने के लिए बल्लभगढ़ हरियाणा से एक ही परिवार के लोग बिहार के आरा के लिए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से होकर जा रहे थे। कार कूरेभार में सेउर के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर किमी 123 पर डिवाइडर टकरा गई। जिससे कार पर सवार दंपती समेत तीन की मौके पर मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। सूचना मिलते ही यूपीडा की टीम व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी मृतकों की पहचान कराते हुए सूचना परिवार वालों को दी है। जबकि घायल को एम्बुलेंस से राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतान भिजवाया है। थानाध्यक्ष कूरेभार अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि कार पर सवार राम चंद्र गुप्ता (55) पुत्र शिवदास गुप्ता, उनकी पत्नी माया देवी (52) और चिंता देवी (51) पत्नी श्याम बिहारी की मौत हुई है।

# संक्षेप

## मेरठ में बीच सड़क पर दरोगा की गुंडई

### ठेला चालक को जमकर पीटा, छुड़ाने गए पुलिस कर्मियों को धक्का देकर हटाया

मेरठ, मेरठ के टीपीनगर क्षेत्र में दरोगा की गुंडई का वीडियो वायरल हो रहा है। गाजियाबाद में तैनात दरोगा ने मामूली बात पर ठेला चालक की जमकर पिटाई कर दी। दरोगा की पिटाई के दौरान ठेला चालक एक गाड़ी के नीचे आने से बाल-बाल बच गया। दरोगा ठेला चालक को पीटते हुए एक साइड ले गया, तभी टीपीनगर थाने के कुछ पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंच गए और पुलिसकर्मी बीच बचाव कराने का प्रयास करने लगे, लेकिन दारोगा ने थाने के पुलिस कर्मचारियों को भी धकियाना शुरू कर दिया। पुलिस कर्मियों ने दारोगा और ठेला चालक को थाने में बैठाया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार ठेला चालक सड़क पार कर रहा था तभी दरोगा की गाड़ी आ गई और दरोगा ने ठेला चालक के साथ गाली गलौज कर दी। इस दौरान ठेला चालक ने दरोगा का विरोध किया तो दरोगा ने वर्दी का रोब दिखाकर ठेला चालक की पिटाई शुरू कर दी। दरोगा ठेला चालक को धकियाते हुए पीटने लगा। इस दौरान ठेला चालक एक गाड़ी के नीचे आने से बाल बाल बच गया। बचाव में पहुंची पुलिस से दरोगा ने धक्का मुक्की कर दी। दरोगा खुद को गाजियाबाद स्थित लाल कुआं चौकी प्रभारी बता रहा था। दरोगा की दबंगई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। टीपीनगर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। वीडियो के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## पतनाले के पानी को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

### महिलाओं सहित आधा दर्जन घायल, दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की

मेरठ, मेरठ के भावनपुर में निमार्णाधीन मकान के पतनाले का पानी पड़ोसी के मकान में गिरने पर दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडों के साथ जमकर पथराव हो गया। मारपीट महिलाओं सहित करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई। वहीं दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। भावनपुर थाना क्षेत्र स्थित शिव शक्ति नगर के रहने वाले विनोद का जयभीम नगर में मकान बन रहा है। विनोद के मकान के निकट पड़े रेत को लेकर विनोद का पड़ोसी पंकज से विवाद चल रहा है। शुक्रवार दोपहर विनोद के मकान के पतनाले से पंकज के घर में पानी गिरने लगा। पंकज ने विरोध किया तो दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होने लगी, इस दौरान दोनों पक्षों के लोग आमने सामने आ गए और दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। तभी दोनों पक्षों की महिलाएं भी बीच बचाव में कूद गई। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर पथराव होने लगा और दोनों पक्षों के लोग छतों पर चढ़कर पथराव करने लगे।

# व्यापार मण्डल अध्यक्ष ने कट खोलने के लिए सांसद और विधायक को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम दास अग्रवाल ने रविवार को सहजनवां कस्बे में एक कार्यक्रम का उद्घाटन करने आए सदर सासंद रवि किशन शुक्ल एवं विधायक प्रदीप शुक्ल को समस्याओं से सम्बंधित एक ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में उन्होंने स्थानीय व क्षेत्रीय लोगों की परेशानीयों को देखते हुए गोरखपुर- लखनऊ हाइवे पर बन्द किए गये कट को खोलने की मांग किया। सहजनवां उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के अध्यक्ष ने दिए ज्ञापन में मांग किया कि थाने चौराहे पर हाइवे से सहजनवां कस्बे से बखिरा मार्ग के हजारों लोग सफर करते है।यह मार्ग बांसी, सिद्धार्थनगर, नेपाल तक को जोड़ता है।कालेसर से सहजनवां कस्बे तक सभी कट महिनों से बन्द कर दिया गया। जब कि गोरखपुर- लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर अन्य किसी जगह कट को बन्द नहीं किया गया है। थाना चौराहे पर कट बन्द होने से बाजार टापू बनकर रह गया है। बगल में इण्टर कॉलेज, बीआरसी, अटल आवासीय विद्यालय आदि पर जाने वाले छात्र-छात्राओं, कर्मचारियों को करीब 4 किलोमीटर का चक्कर काट कर जाना पड़ रहा है। सहजनवां कस्बे में व्यापारियों के व्यवसाय पर काफी बुरा असर पड़ रहा है।पूरा व्यवसाय चौपट हो रहा है।यदि थाना चौराहे पर जाम लग रहा है तो इसका स्थायी समाधान होना चाहिए। ट्रैफिक चौराहा तथा सीसी कैमरा लगा दिया जाय। पुरानी जूट मिल्स मिल व गीडा के मिलों के व्यवसायी अपना सामान न तो ठीक प्रकार से बाहर से मंगा पा रहे है न ही बेच पा रहे हैं।उन्होनें सासंद व विधायक को ज्ञापन देकर नागरिकों, व्यापारियों, छात्र-छात्राओं, शिक्षक, कर्मचारियों, आदि की समस्याओं विचार करते हुए उचित समाधान की मांग की है।उन्होंने कहा कि अगर जल्द समाधान नहीं निकला तो व्यापारी वर्ग भुखमरी के कगार पर आ जायेगा।जिससे वह आन्दोलन करने के लिए बाध्य होगा।जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# पत्रकार हित के लिए समर्पित है संघठन :प्रदेश सचिव

### जीनियस प्रेस एसोसिएशन के तत्वाधान में पत्रकारिता एक मिशन गोष्ठी का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के बिंदकी तहसील के अंतर्गत बकेवर कस्बे के सीपीएस स्कूल में रविवार को पत्रिकारिता एक मिशन की गोष्ठी जीनियस प्रेस एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित की गई इस कार्यक्रम में जनपद फतेहपुर व कानपुर की जिला स्तरीय व क्षेत्र स्तरीय पत्रकारों ने प्रतिभाग किया इस कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित प्रदेश महासचिव रविंद्र त्रिपाठी ने किया कार्यक्रम अन्तर्गत विद्यालय के बच्चो ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जीनियस प्रेस एसोसिएशन दिल्ली की प्रदेश अध्यक्ष फरजाना खान वा एसडीएम बिंदकी अनिल कुमार यादव उपस्थित रहे कार्यक्रम में मंच का संचालन जिला अध्यक्ष अमरदीप त्रिपाठी ने किया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष फरजाना खान ने बताया की हम सभी पत्रकार समाज को जागरूक करने का कार्य करते है इसलिए हमे मिलकर सकारात्मक और तथ्यात्मक रूप से खबरे प्रकाशित करे और अन्याय के खिलाफ हमेशा लड़े और वही मुख्य अतिथि के रूप में बिंदकी उपजिलाधिकारी ने सभी पत्रकार बंधुओ को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी वही इस मौके पर प्रदेशमहासचिव रविंद्र त्रिपाठी ने नवीन पत्रकारों की पाठशाला और कार्यशाला के लिए संघठन के माध्यम से जागरूक करने के लिए कहा उन्होंने इस मौके पर सभी पत्रकार साथियों को एक साथ मिलकर संघठन को उच्चाइयो पर ले जाने की बात कही इस मौके पर कई समाचार पत्रों के संपादक , वा जिला संवाददाता वा क्षेत्रीय संवाददाता का मेडल बैच वा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की वही पुलिस प्रशासन के रूप में बकेवर थाना अध्यक्ष योगेश कुमार आदि लोग रहे मौजूद रहे

# स्वच्छ जल है तो हमारा जीवन भी स्वस्थ होगा - चेयरमैन

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। संत निरंकारी मिशन द्वारा सफाई अभियान का कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें सदगुरू माता सुदीक्षा महाराज के आशीर्वाद से स्वच्छ जल स्वच्छ मान ,योजना अमृत के तहत यह सफाई अभियान पूरे भारत में करीब एक हजार जगह पर तथा उत्तर प्रदेश में 267 जगह पर चलाया गया। जिसमें सहजनवां शाखा के निरंकारी भक्तों द्वारा रविवार को सहजनवां नगर पंचायत वार्ड नं -9 पिपरा पोखरे की सफाई विशेष रूप में की गई। जिसका शुभारम्भ नगर पंचायत अध्यक्ष संजू सिंह ने किया। उन्होंने जनमानस को संदेश दिया गया कि अगर जल स्वच्छ है तो हमारा जीवन भी स्वस्थ है तो स्वच्छ जल स्वच्छ मन के तहत अभियान चलाया गया। इस मौके पर सभासद गिरीश यादव, प्रवीण भास्कर,मंजू उपाध्याय, रामनाथ सिंह, शैलेंद्र कुमार भारती, रामप्रीत, सरस्वती , संध्या, आरती, नर्मदा सहित मिशन के कई भक्तों ने सफाई अभियान मे मौजूद रहे।

# डिसियम पर लदे 10 गौवंश को पुलिस ने पकड़ा दो हिरासत में

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवा मुख्य चौराहे पर पिकेट ड्यूटी के दौरान पुलिस कर्मियों ने डिसीयम पर गौवंश लदे देखकर वाहन को रोक लिया। और वाहन सहित चालक और एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। रविवार को अपराह्न 3 बजे के करीब एक डीसियम पर गौवंश लदे देखकर पुलिस ने वाहन को रोक लिया। तलाशी के दौरान वाहन पर 10 गौवंश लदे देखकर पुलिस ने वाहन सहित चालक और एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना था कि गौवंश राजस्थान के गौशाला से बिहार ले जाया जा रहा था। इस संदर्भ में एसओ मदन मोहन मिश्र ने कहा की चालक से कागजात मांगा गया। जो राजस्थान के गौशाला से बिहार ले जाया जा रहा था। जिसकी जांच कराई जा रही है।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट 9 के खिलाफ केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के माडर में किशोरी को भगाने के आरोप दर्ज मुकदमें को लेकर दो पक्षों में जम कर मारपीट हुई। पुलिस ने दोनो पक्षों की शिकायत पर 9 लोगो के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से माडर निवासी एक किशोरी को 6 फरवरी को गांव का एक युवक भगा ले गया था। जिसमे पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। उसी बात को लेकर आरोपी के परिजन पीड़ित के मां और पत्नी को लाठी डंडे से मारपीट रहे थे। बचाव करने गए पीड़ित को मारपीट कर घायल कर दिए थे। पुलिस ने अमेरिका, खुशी, सबिता, छोटू, विशाल के खिलाफ बलवा, मारपीट, अंगभग, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया कर लिया है। दूसरे पक्ष अमेरिका पुत्र स्व रामलखन साहनी की शिकायत पर पुलिस ने राजेश, अन्नपूर्णा, हेमा, अनुष्का के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चो ने अनेक माडल बनाकर दिखाया अपना हुनर

अमन लेखनी समाचार


गोरखपुर। नगर पंचायत सहजनवा वार्ड 5 सहबाजगंज में स्थित में लिटिल वर्ड्स प्ले स्कूल में बच्चो द्वारा अनेक माडल की विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा पिछड़ा मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री मनोज सिंह द्वारा फीता काट कर विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। और बच्चो द्वारा लगाए गए विभिन्न माडल का अवलोकन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा की बच्चो में प्रतिभा की कमी नहीं है। केवल उन्हें निखारने की जरूरत है। विशिष्ठ अतिथि भाजपा पिछड़ा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अभिमन्यु मौर्य ने कहा की विज्ञान के क्षेत्र में आगे कदम बढ़ा चुका है। देखा जा रहा है की देश के वैज्ञानिक अनेक तकनीकी का निर्माण कर रहे है। विद्यालय प्रबंधक राजेंद्र चौरसिया ने आए हुए आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। नंद चौरसिया ने चंद्रयान 3, शन्नी साहनी ने सोलर सिस्टम, अभय चौरसिया ने रेस्पेरेटी सिस्टम, सेंस आर्गन, इंडिया गेट, पार्ट आफ प्लान सहित दर्जनों माडल की प्रदर्शनी लगाई गई थी। इस दौरान ऋतु देव, कल्याणी तिवारी, ज्योति यादव, गुंजन चौधरी, नेहा चौधरी, अंजली त्रिपाठी सहित अनेक शिक्षकाए और शिक्षक मौजूद थे।



# मेरठ में बोर्ड पेपर देकर लौट रहे छात्र की मौत

- ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर, मौके पर ही तोड़ दिया दम

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , मेरठ में यूपी बोर्ड का पेपर देकर घर लौट रहे छात्र की सड़क दुघर्टना में मौत हो गई। छात्र बाइक से घर जा रहा था। अचानक पीछे से उसे ट्रेक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि छात्र वहीं सड़क पर गिर गया। बाइक ट्रेक्टर के नीचे आ गई और छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। दौराला ब्लॉक के बड़कली नेकपुर गांव निवासी रोहन 12वीं का छात्र था। इस समय रोहन पुत्र कुन्नू के यूपी बोर्ड के पेपर चल रहे थे। रोहन आरके इंटर कॉलेज बड़कली का छात्र था। शुक्रवार को रोहन नागरिक शास्त्र का पेपर देकर स्पलैंडर बाइक से लौट रहा था। उसका सेंटर सरधना के सेंट चार्ल्स इंटर कॉलेज में पड़ा था। रोहन दोपहर 1 बजे पेपर छूटने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। तभी अटेरना की ओर से आते हुए नगला गांव थाना सरधना के सामने उसका एक्सीडेंट हो गया। पीछे से आ रहे ट्रेक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया।

टक्कर लगने से रोहन मौके पर ही गिर गया। बाइक भी टूट गई। उसके सिर से खून बहने लगा।

# एडीजी ने पुलिस अफसरों को पढ़ाया कानून का पाठ

### मेरठ के शोभित यूनिवर्सिटी में लॉ एंड एक्ट लर्निंग वर्कशाप में कई जिलों से पहुंचे पुलिसकर्मी

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, मेरठ के शोभित विवि में अपराधिक विधि में संशोधनों के लिए अधिनियमित भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर वन डे वर्कशाप हुई। वर्कशाप में एडीजी मेरठ जोन ध्रुवकांत ठाकुर ने पुलिस ऑफिसर्स को संबोधित किया। इस वर्कशाप में मेरठ सहित बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर, बुलन्दशहर, सहारनपुर तथा हापुड़ मे कार्यरत 151 पुलिस ऑफिसर्स ने भाग लिया। साथ ही शोभित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र; प्रभारी कुलपति प्रो. (डॉ) जयानंद, कुलसचिव डॉ. गणेश भारद्वाज, निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार गोयल, तथा सहायक प्रोफेसर डॉ कुलदीप कुमार, डॉ प्रताप दास, डा पल्लवी जैन, डा सीमा मोदी तथा शुभम शर्मा ने सम्बोधित किया। एडीजी डीके ठाकुर ने कहा कि कानून में लगातार अमेंडमेंट हो रहे हैं। नए लॉ इनके अमेंडमेंट की जानकारी पुलिस विभाग में सभी को होना चाहिए। कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य पुलिस कर्मियों को नए अधिनियमित कानूनों, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 के बारे में तुलनात्मक जानकारी देना है।

ताकि इन विधानों के लागू होने पर हम खुद को तैयार पायें। कानूनों को उनके उददेश्य के अनुरूप सक्षमता से लागू कर जनता को उनका संरक्षण प्रदान कर न्याय पाने की अभिलाषा पूर्ण करने में सहायक हो सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शोभित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने कहा हमारा पहला उद्देश्य ज्ञान का अर्जन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्रिएशन आफ नॉलेज होना अनिवार्य है। क्रिएशन आफ नॉलेज तब होगी जब आप सभी अधिकारीगण हमारे बच्चों के साथ अपने एक्सपीरियंस साझा करेंगे। लेफ्टिनेंट डॉ. कुलदीप कुमार तथा छात्र स्वयंसेवकों के सहयोग से विभिन्न जिलों के 121 पुलिस कर्मियों की भागीदारी के साथ यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# पुलिस ने मॉकड्रिल कर दंगाइयों को दिया संदेश

- डीएम और एसएसपी ने कराया अभ्यास, एंटी राइट गन और रबर बुलेट चलाई

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, बुलंदशहर में आगामी पर्व होली और लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए परेड ग्राउंड में दंगा नियन्त्रण के लिए डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार ने पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस को ड्रिल का अभ्यास कराया। इस मौके पर डीएम, एसएसपी द्वारा भी एंटी-राइट गन, रबर बुलेट गन, टियर गैस गन आदि शस्त्रों को चलाकर निरीक्षण किया गया। शस्त्र प्रशिक्षण, दंगा नियन्त्रण उपकरणों को परखा गया। अपर जिलाधिकारी (वित्त राजस्व) विवेक कुमार मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रशान्त कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रोहित मिश्र, सहायक पुलिस अधीक्षक राजकुमार मीणा, उपजिलाधिकारी सदर, शिकारपुर, खुर्जा, स्याना, अनूपशहर व क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन्स श्री विकास प्रताप सिंह चौहान एवं समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा भी दंगा नियंत्रण का मॉकड्रिल किया गया। इस मौके पर पुलिसकर्मियों को दंगाईयों से निपटने के लिए विभिन्न तरीके के गुर सिखाए गए और रिहर्सल के दौरान भीड़ को तितर-बितर करने के भी विभिन्न तरीके बताए गए। पुलिसकर्मियों द्वारा मुस्तैदी के साथ दंगा को नियंत्रण करने के लिए अलग-अलग विधि का प्रदर्शन किया।

# सिकंदराबाद में यादव समाज मोदी के साथ कार्यक्रम

### बोले– भाजपा में होता है यादवों का सम्मान, अखिलेश सिर्फ अपने परिवार को बढ़ाते हैं आगे

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, बुलंदशहर के सिकंदराबाद क्षेत्र के प्रधान फॉर्म हाउस में यादव समाज मोदी के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप प्रदेश महामंत्री, विधान परिषद सदस्य एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी सुभाष यदुवंश ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं से पूरा यादव समाज मोदी के साथ खड़ा होने को बेताब है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने अपने परिवार के सिवाय कभी किसी यादव को आगे नहीं बढ़ने दिया, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने यादव समाज को सबसे ज्यादा सम्मान देने का कार्य किया है। मध्य प्रदेश में डॉक्टर मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाया, भूपेंद्र यादव को केंद्रीय मंत्री, नित्यानंद को केंद्रीय मंत्री, नंदकिशोर यादव को विधासभा में स्पीकर बनाकर समाज को सम्मान देने का काम किया है। भाजपा ने मुझ जैसे एक गरीब किसान के बेटे को विधान परिषद का सदस्य, दो बार प्रदेश का मंत्री, प्रदेश का महामंत्री, युवा मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष जैसा महत्वपूर्ण पद दिया है। भाजपा में आपकी योग्यता पर निर्भर करता है कि आप क्या बन सकते हैं और क्या नहीं।

# मेरठ में युवक ने पंखे से लटककर किया सुसाइड

- प्रेमिका से नाराजगी के कारण उठाया कदम, फोन पर बात की फिर लगाई फांसी

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के मोदीपुरम में युवक से गर्लफ्रेंड की नाराजगी बर्दाश्त नहीं हुई। नाराज प्रेमिका से परेशान होकर युवक ने पंखे से लटककर फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। वहीं बेटे की मौत से घरवालों का रो रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच कर रही है। मामला मोदीपुरम के फोटो स्टूडियो का है। यहां बहसूमा निवासी अंकुश कुमार जाटव (20) भराला गांव में 5 महीने से अपने मामा सुरेश के यहां रह रहा था। अंकुश मोदीपुरम के पुरानी एलआईसी के पास सर्विस रोड पर अमरजीत के फोटो स्टूडियो में काम करता था। उसकी किसी लड़की से बातचीत होती थी। गुरुवार को अंकुश सिवाया में वेडिंग फोटोग्राफी के लिए गया था। काम खत्म कर वापस स्टूडियो लौटा। यहां स्टूडियो के ऊपर बने कमरे में उसका शव पंखे से लटका मिला। सिवाया से लौटने के बाद अंकुश स्टूडियो के ऊपर बने कमरे में गया। वहां प्रेमिका से फोन पर बात करने लगा। तभी दोनों का आपस में किसी बात पर विवाद हुआ। युवक ने प्रेमिका से कहा आज हमारी बातचीत का आखिरी दिन है।

## युवा मोर्चा प्रेस कांफ्रेंस करके बताई सरकार की उपलब्धियां




**अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित**

हमीरपुर।भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशुदत्त द्विवेदी जी के आवाह्न पर पूरे प्रदेश में युवा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके निमित्त आज भाजपा कार्यालय में हमीरपुर जनपद के जिलाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी ने प्रेस वार्ता में बताया कि 25 फरवरी से 2 मार्च तक मंडल स्तर पर 20 स्थानों पर युवा चौपाल कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे जिसमे सैकड़ो की संख्या में नौजवनो व युवा मोर्चा के कार्यकताओं की सहभागिता रहेगी पूरे जनपद में 240 स्थानों पर यह कार्यक्रम आहूत किये जाएंगे जिसमे जनपद के सभी जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे,जिस प्रकार विगत चुनावो में युवा मोर्चा ने मजबूती के साथ काम किया ठीक उसी प्रकार इस लोकसभा चुनाव में भी युवा मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका देखने को मिलेगी और विजयश्री दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

## हिन्दी गौरव अलंकरण समारोह 2024 सम्पन्न

### भाषाएँ और माताएँ अपने पुत्रों से सम्मानित होती हैं - प्रो. द्विवेदी

**हिन्दी विश्व की तकनीकी मित्र भाषा – डॉ. विकास दवे**

**अमन लेखनी समाचार**

इंदौर।हिन्दी भाषा के विस्तार और प्रसार की कड़ी में मातृभाषा उन्नयन संस्थान द्वारा रविवार को स्थानीय गोल्डन जुबली हॉल, इन्दौर में समारोह में वरिष्ठ साहित्यिक संपादक मनोज श्रीवास्तव व वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. करुणाशंकर उपाध्याय को हिन्दी गौरव अलंकरण से विभूषित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि लोकप्रिय सांसद शंकर लालवानी, अध्यक्षता साहित्य अकादमी, मध्य प्रदेश शासन के निदेशक डॉ. विकास दवे एवं विशिष्ट अतिथि भारतीय जन संचार संस्थान, नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी व फिल्म अभिनेता अक्षय राजशाही मौजूद रहे।समारोह में काव्य साधकों जिनमें ऋषभदेव से नरेन्द्र पाल जैन,




लखनऊ से मनुव्रत वाजपेयी, सूरत से कवयित्री सोनल जैन और इंदौर से एकाग्र शर्मा व धीरज चौहान को काव्य गौरव अलंकरण भी प्रदान किया गया। अतिथि स्वागत कीर्ति राणा, प्रदीप जोशी, डॉ. नीना जोशी, योगेश चन्देल, रमेश शर्मा, जयसिंह रघुवंशी, अंकित तिवारी ने किया एवं स्वागत उद्बोधन मातृभाषा उन्नयन संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्पण जैन अविचल ने दिया। समारोह का संचालन श्रुति अग्रवाल ने किया व आभार कवि गौरव साक्षी ने माना। अलंकरण पत्र का वाचन अखिलेश राव व संध्या रॉय चौधरी ने किया। प्रो. द्विवेदी ने संबोधित करते हुए कहा कि क्यों एक देश अपनी जुबान में नहीं बोल सकता। आज भारतीयता की ओर भारत लौट रहा है।यह विचारों की घर वापसी है। हम अपनी संस्कृति, भाषा को सम्मानित होते देख रहे हैं और यह सत्य है कि भाषाएँ और माताएँ अपने पुत्रों से सम्मानित होती हैं। डॉ. दवे ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि भाषा को लेकर लाखों उपसर्ग तैयार हुए, परंतु इन सबसे पार होते हुए हिंदी अब विश्व भाषा बन गई।और यहाँ तक कि हिंदी विश्व की तकनीकी मित्र भाषा है। अपने सम्मान के प्रतिउत्तर में मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि यह हिंदी का सम्मान मेरे लिए वन्दनीय है। भूतकाल में जो लोग अंग्रेजों के जूतों में पैर डालते हैं वे राजभाषा कहते हैं जबकि भारत की पहचान हिंदी है।इस तरह सम्मानमूर्ति प्रो. करुणाशंकर उपाध्याय ने कहा कि इंदिरा घाटी से इंदिरा पॉइंट तक हिंदी मौजूद है।यह हिंदी का विस्तार है। इस मौके पर सूर्यकान्त नागर, डॉ. पद्मा सिंह, राकेश शर्मा, अश्विनी दुबे, श्वेतकेतु वैदिक , मार्टिन गुड्डु, सहित सैंकड़ो हिंदी में प्रेमी मौजूद रहे।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने किया कुरा थाने का निरीक्षण




**अमन लेखनी समाचार/शिवम सिंह**

कुरारा, हमीरपुर।अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने का निरीक्षण किया गया। तथा थाने के अभिलेख , रख रखाव व आरक्षी बैरक,माल खाना का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दोपहर में अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा ने थाने का निरीक्षण किया। तथा साफ सफाई की व्यवस्था देखी।सबसे पहले पुलिस जवानों द्वारा सलामी दी गई। इसके बाद अपराध रजिस्टर व अन्य अभिलेखों का मुआयना किया।लंबित विवेचना शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए ई मालखाना का निरीक्षण किया। मेस के निरीक्षण के दौरान साफ सफाई व्यवस्था को लेकर फर्श का निर्माण कार्य कराने को कहा। आरक्षी बैरक,कार्यालय, बंदी गृह, आदि का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी योगेश तिवारी,उपनिरीक्षक शिवराम सिंह, राजेंद्र प्रसाद सिंह,सचिन शर्मा, संगम लाल प्रजापति, पंधारी सरोज,तथा दीवान शैलेंद्र कुमार,अखिलेश सिंह मौजूद रहे।

## पीएम के मन की बात सुन सदर विधायक ने ओलावृष्टि से हुये नुकसान का लिया जायजा

**अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित**

हमीरपुर। सदर विधायक ने सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम कुंडौरा में पहुंचकर ग्रामीणों के साथ पीएम की मन की बात सुनी और किसानों के साथ खेतों में जाकर ओलावृष्टि से हुए नुकसान का निरीक्षण करके अधिकारियों से वार्ता करके जल्द मुआवजा दिए जाने के निर्देश दिए। सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति रविवार को क्षेत्र के ग्राम कुंडौरा में पहुंचे। ग्राम प्रधान के आवास पर प्रधानमंत्री की मन की बात को सुना और किसानों के साथ खेतों में पहुंचकर ओलावृष्टि में हुए नुकसान का निरीक्षण करके अधिकारियों से वार्ता करके जल्द मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि अरविंद प्रताप सिंह, चंद्रा यादव, बलवीर सिंह, जितेंद्र सिंह, रामऔतार वर्मा, मायाराम वर्मा, रामनरेश वर्मा, मुकेश यादव, कारेलाल यादव, गजेंद्र यादव आदि किसान एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## विद्युत केबल के लिए खोदे गए गड्ढों में आए दिन हो रहे हादसे



**अमन लेखनी समाचार/शिवम सिंह**

कुरारा,हमीरपुर।विकास खंड क्षेत्र के शंकर पुर ग्राम पंचायत के मजरा परसी डेरा में विद्युत केबिल बिछाए जाने के दौरान टैक्टर गहरे नाले में घुस गया। तीन दिन से ट्रैक्टर नाले में फंसा खड़ा हुआ है।क्षेत्र के परसी डेरा गांव में गहरा नाला बना हुआ है।इस नाले के खुला रहने के कारण आए दिन हादसे होते हैं। सर्दी के मौसम में एक अन्ना गोवंश गिर गया था।जिसको ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से निकाला था। इस नाले में बच्चो आदि के गिरने का भय बना रहता है। तीन दिन पूर्व विद्युत विभाग द्वारा केबिल बिछाए जाने का कार्य कर रहा टैक्टर गहरे नाले में घुस गया। ग्रामीण धीरेंद्र कुमार, इंद्रजीत, शिवम, अशोक कुमार, आदि ने बताया कि इस नाले की सफाई व्यवस्था जे सी बी मशीन से कराए जाने के दौरान टूट गया है।इसके निर्माण कराए जाने व नाला को पटिया से ढकने की मांग की है।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बांदा ब्लाक इकाई महुआ निर्वाचन हुआ संपन्न

**मंजू अवस्थी ब्लाक अध्यक्ष एवं मोहम्मद रिजवान बने महामंत्री**

**अमन लेखनी समाचार**

बांदा।रविवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद बांदा ब्लाक इकाई महुआ का निर्वाचन नटराज म्यूजिक महाविद्यालय कालू कुआं बांदा में सम्पन्न हुआ । सर्वप्रथम प्रेरणा गीत गुरु गरिमा के पोषक हैं से सभी शिक्षकों को कर्तव्य का बोध कराने का प्रयास किया गया ।तत्पश्चात उपस्थित मुख्य अतिथि पंकज सिंह ,निर्वाचन पर्यवेक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह एवं निर्वाचन अधिकारी जूही शर्मा के द्वारा सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया ।तत्पश्चात जिला संगठन मंत्री संतोष मिश्रा द्वारा चुनाव प्रक्रिया के बारे में समझाया गया और महुआ ब्लॉक के निर्वाचन के प्रारंभ होने की घोषणा की गई। उपस्थित महुआ ब्लाक के शिक्षकों द्वारा नामांकन पत्र भरे गए।



निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचन पर्यवेक्षक ने प्राप्त नामांकनों का अवलोकन करने के उपरांत पाया कि अध्यक्ष पद हेतु मंजू अवस्थी, महामंत्री पद हेतु मोहम्मद रिजवान, संयुक्त मंत्री पद हेतु रंजना सिंह, उपाध्यक्ष पद हेतु शारदा चैधरी एवम संध्या सिंह के नामांकन प्रपत्र प्राप्त हुए क्योंकि सभी पदों पर एक-एक ही नामांकन प्राप्त हुए इसलिए सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया ।मंजू अवस्थी को ब्लाक अध्यक्ष, मोहम्मद रिजवान को ब्लाक महामंत्री,रंजना सिंह को संयुक्त महामंत्री एवं शारदा चैधरी व संध्या सिंह को उपाध्यक्ष घोषित किया गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने शपथ ग्रहण कराया एवं एक माह के अंदर कार्यकारिणी विस्तार करने हेतु आदेशित किया।महुआ ब्लाक इकाई निर्वाचन कार्य के साथ-साथ कर्तव्य बोध दिवस भी मनाया गया कर्तव्य बोध दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के गठन की आवश्यकता केवल इसीलिए पड़ी क्योंकि अन्य समस्त शिक्षक संगठन केवल अधिकारों की बात करते हैं, और अपने कर्तव्यों की बात कोई भी शिक्षक संगठन नहीं करता।यह राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ही है जो प्रतिवर्ष समस्त शिक्षकों, नागरिकों छात्रों एवं समाज के लोगों को कर्तव्य का बोध कराने के उद्देश्य से कर्तव्य बोध दिवस कार्यक्रम आयोजित करता है ।

## निरंकारी भक्तों ने की जीवनदायिनी केन की सफाई

**दो सैकड़ा भक्तों ने कार्यक्रम में किया प्रतिभाग**

**अमन लेखनी समाचार**

बांदा।रविवार को प्रोजेक्ट अमृत के अन्तर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना के दूसरे चरण का आयोजन केन नदी आरती स्थल से लेकर पुल के नीचे तक सफाई अभियान मिशन के सैकड़ो सेवादारों एवं श्रद्धालुओं द्वारा संत निरंकारी निरंकारी मिशन के कोआर्डिनेटर प्रचार-प्रसार विभाग डा. दर्शन सिहं जी एवं क्षेत्रीय संचालक डा0 सुरेश सिहं जी के मार्ग दर्शन में किया गया।लगभग 200 भाई बहनों ने इस पुनीत कार्य में प्रतिभाग किया।यह पावन कार्य प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक चला।

इसी क्रम में सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन छत्रछाया में प्रातः 8.00 बजे से अमृत प्रोजेक्ट के अन्तर्गत श्स्वच्छ जल, स्वच्छ मनश परियोजना के दूसरे चरण का शुभारम्भ यमुना नदी के छठ घाट, आई.टी.ओ दिल्ली से किया गया।बाबा हरदेव सिहं जी महाराज जी की शिक्षाओं से प्रेरित यह परियोजना समस्त भारतवर्ष के 27 राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों के 1533 से अधिक स्थानों पर 11 लाख से भी अधिक स्वयंसेवकों के सहयोग से एक विशाल रूप में आयोजित किया गया। सतगुरु माता ने प्रोजेक्ट अमृत के अवसर पर अपने आर्शीवचनों में फरमाया कि हमारे जीवन में जल का बहुत महत्व है और यह अमृत समान है।जल हमारे जीवन का मूल आधार है।परमात्मा ने हमें यह जो स्वच्छ एवं सुंदर सृष्टि दी है, इसकी देखभाल करना हमारा कत्त्रव्य है। मानव रूप में हमने ही इस अमूल्य धरोहर का दुरुपयोग करते हुए इसे प्रदूषित किया है।हमें प्रकृति को उसके मूल स्वरूप में रखते हुए उसकी स्वच्छता करनी होगी।हमें अपने कर्मो से सभी को प्रेरित करना है न कि केवल शब्दों से। कण-कण में व्याप्त परमात्मा से जब हमारा नाता जुड़ता है और जब हम इसका आधार लेते है तब हम इसकी रचना के हर स्वरूप से प्रेम करने लगते है।हमारा प्रयास होना चाहिए कि जब हम इस संसार से जाये तो इस धरा को और अधिक सुंदर रूप में छोड़कर जाये।

## चयनित अभ्यर्थियों को आयुत ने सैपे नियुक्ति पत्र

**आयुक्त ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ**

**अमन लेखनी समाचार**

बांदा। मिशन रोजगार के अंतर्गत आज मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने लोग भवन सभागार लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, और विद्युत सेवा आयोग के माध्यम से राज्य सरकार की विभिन्न सेवाओं में कुल 1782 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्रों का वितरण कर शुभारंभ किया गया। जिस क्रम में आज जनपद बांदा के आयुक्त सभागार में मंडल के चारों जनपदों के 151 नव चयनित कर्मचारियों को नियुक्ति पत्रों का वितरण मंडला आयुक्त श्री बालकृष्ण त्रिपाठी जी के कर कमलों द्वारा किया गया जिसमें आईसीडीएस के 54 कर्मचारी, विद्युत विभाग के 12, आयुष विभाग के 11 कर्मचारी तथा स्वास्थ्य विभाग के 36 वा मंडल स्तर के 2 दंत चिकित्सक कर्मचारियों को नियुक्त पत्रों का वितरण किया गया। आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने आज के कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए नव चयनित कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए अपने कार्य एवं दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया और कहां की चयन के बाद ही असली कार्य करने का मौका मिला है मात्र यह नौकरी का उद्देश्य नहीं है यह सेवा भाव का उद्देश्य आप सभी के मन, मस्तिष्क में होना चाहिए और अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करना और इसका अक्षरशः पालन किया जाना चाहिए उन्होंने कहा कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार का देश एवं प्रदेश के लिए लक्ष्य बहुत बड़ा है जिसका निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों का चयन मिशन रोजगार के माध्यम से किया जा रहा है और विकसित भारत की संकल्पना के साथ-साथ विकसित उत्तर प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

**अमन लेखनी समाचार**

बांदा।जन जन में देशव्यापी लोकप्रियता हासिल कर चुके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 110 वें एपिसोड को भाजपा कार्यकर्ता जनपद के सभी बूथों में पूरे उत्साह के साथ मन लगाकर सुना। भाजपा जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने अतर्रा मंडल के बूथ नंबर 194, बाउर बाजार में संतू सिंधी, रज्जू कुशवाहा, गोलू गुप्ता, प्रशांत सिंह तथा मुन्ना सिंह आदि कार्यकताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। श्री सिंह ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की उपलब्धियों, ड्रोन टेक्नोलॉजी और वन्य जीव संरक्षण प्रयासों पर प्रकाश डाला। भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री तथा जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने बांदा दक्षिणी मंडल के बूथ नंबर 127, खुटला शक्तिकेंद्र में जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित, मंडल प्रभारी अजीत




प्रकाश गुप्ता, पूर्व चेयरमैन विनोद जैन, पूर्व जिला उपाध्यक्ष उत्तम सक्सेना, आई टी जिला संयोजक दीपक राजपूत व अन्य भाजपा पदाधिकारियों के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना।साहू ने बताया कि पी एम मोदी ने मन की बात अन्तर्गत जैविक खेती करने वाली ष्नमो ड्रोन दीदीष सुनीता देवी और कल्याणी पाटिल से बात की। पी एम मोदी ने मन की बात में कहा कि कुछ वर्ष पहले तक किसने सोचा था कि हमारे देश में, गांव रहने वाली महिलाएं भी ड्रोन उड़ाएंगी। लेकिन आज यह संभव हो रहा है।आज तो गांव गांव में ड्रोन दीदी की इतनी चर्चा हो रही है, हर किसी की जुबान पर नमो ड्रोन दीदी, नमो ड्रोन दीदी ये चल रहा है।हर कोई इनके विषय में चर्चा कर रहा है।जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल ने बबेरू मंडल के बूथ नंबर 60, देवी नगर में विधानसभा संयोजक विष्णु प्रताप सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सोहन सिंह, वर्तमान मंडल अध्यक्ष सौरभ शिवहरे व अन्य भाजपा कार्यकताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने ष्मेरा पहला वोट देश के लिएष्अभियान के लिए चुनाव आयोग की सराहना की और फर्स्ट टाइम वोटर्स से आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया।

## भगवान परशुराम का भव्य मंदिर बनवाएगा करौली धाम

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। करौली शंकर धाम में माघ पास की पूर्णिमा पर आयोजित उत्सव में करौली शंकर महादेव ने भक्तों को गुरु की महिमा के बारे में बताया और दीक्षा दी। श्रद्धालुओं के जीवन में किसी तरह का रोग, शोक न रहे इसके लिए आयोजित हवन में भक्तों ने आहुति प्रदान की। इस दौरान करौली शंकर महादेव ने कहा कि दो चरित्र ऐसे हैं जिन्हें सर्वाधिक दबाया गया। एक भगवान श्रीकृष्ण हैं जिन्हें बदनाम करने की कोशिश की गई। उनकी बांसुरी आपके हृदय में तब बजती है जब आप साधना करते हैं, आप पर गुरु की कृपा होगी।कुछ पुराणों में राधा-कृष्ण के चरित्र के बारे में अलग से पन्ने जोड़े गए और उन्हें रास रचाने वाला दशार्या गया। प्रभु की रासलीला की बातें भ्रामक हैं।



### हर घर में होनी चाहिए भगवान परशुराम की मूर्ति

उन्होने बताया, दूसरा चरित्र है भगवान परशुराम का। जो सात चिरंजीवी हैं, उनमें एक हैं भगवान परशुराम। उनके चरित्र को भी दबाने की कोशिश की गई।उनकी मूर्ति तो हर घर में होनी चाहिए।उन्हें जाति के नाम पर दबाया गया। प्रभु परशुराम का विशाल मंदिर आश्रम की ओर से बनवाया जाएगा। अपने शिष्य को गुरु ही भव सागर से पार कराता है।गुरु का ज्ञान और शिक्षा ही जीवन का आधार है।गुरु के बिना जीवन की कल्पना भी अधूरी है।गुरु जगत व्यवहार के साथ-साथ भव तारक, पथ प्रदर्शक भी होते हैं।सनातन अवधारणा के अनुसार इस संसार में मनुष्य को जन्म भले ही माता-पिता देते हैं लेकिन मनुष्य का सही अर्थ गुरु कृपा से ही प्राप्त होता है।

## मार्ग हादसे में पुत्री की मौत, पिता हुआ घायल

**अमन लेखनी समाचार**

बांदा।बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत कमासिन थाना क्षेत्र के तिलौसा गांव के रहने वाले रामशरण विश्वकर्मा की 19 वर्षीय पुत्री पूजा विश्वकर्मा की शादी तय हुई थी।जिसको लेकर स्कूटी में सवार होकर, दोनों पिता और पुत्री मार्केट करने के लिए शनिवार को कमासिन गए हुए थे, जिसमें सामान खरीद कर और लड़की के लिए लहंगा बुक करने के बाद शाम करीब 6रू00 बजे अपने गांव स्कूटी से दोनों पिता और पुत्री जा रहे थे।तभी गांव के पहले ही पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ईंटों से भरा ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया, जिससे स्कूटी सवार दोनों पिता और पुत्री सड़क पर गिर पड़े, जिससे पुत्री पूजा ट्रैक्टर के पहिए की चपेट पर आ गई। जिसकी पूजा की मौके पर ही मौत हो गई।जैसे ही आसपास के लोगों ने देखा



तो पुलिस को सूचना दिया, वहीं मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरकर शनिवार की रात्रि करीब 9रू00 बजे पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा भेज दिया है। वही ट्रैक्टर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। और आगे की कार्यवाही की जा रही है।वहीं परिजनों ने बताया की 4 मार्च को मृतक लड़की पूजा की इंगेजमेंट का कार्यक्रम था। और 18 अप्रैल को शादी तय हुई थी, जिसको लेकर पिता के साथ मार्केट गई थी। और वहां से लहंगा बुक करने के बाद घर जा रही थी, तभी रास्ते में सड़क हादसे में मौत हो गई। वहीं मृतक पूजा के पिता रामशरण ने ट्रैक्टर ड्राइवर के खिलाफ कमासिन थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की जाने की मांग किया है।

## छेड़खानी के आरोपी के खिलाफ कार्यवाही के लिये सीओ के पास पंहुचा पीड़ित

**अमन लेखनी समाचार**



मौदहा। छेड़खानी की शिकार नाबालिक बालिका के पिता ने कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही न होने पर आहत पिता ने क्षेत्राधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीय नाबालिक किशोरी के साथ गत 21 फरवरी की शाम को जब किशोरी लकड़ी कंडा लेने के लिए बगल के मकान में गई थी। तभी कमरे के अंदर पहले से मौजूद आरोपी ने उसके साथ बुरी नीयत से हाथ पकड़कर अश्लीलता करने लगा। पीड़िता के चिल्लाने पर लोगों के पहुंचने से आरोपी मौके से फरार हो गया। पीडिता के पिता ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। मगर पीड़ित को न्याय न मिलता देखकर पीड़िता के पिता ने पुलिस क्षेत्राधिकारी के पास पहुंचकर न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपी के विरुद्ध न्याय संगत कार्रवाई करने की मांग की है।पीड़ित के पिता ने बताया कि क्षेत्राधिकारी कार्यालय में सीओ साहब के न मिलने पर कार्यालय में तहरीर दी है।सीओ श्रेयस त्रिपाठी ने बताया कि जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

## जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला एकीकरण की बैठक हुई सम्पन्न

**अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित**

हमीरपुर। जिला पंचायत अध्यक्ष जयन्ती संतराम राजपूत की अध्यक्षता में जिला एकीकरण समिति की बैठक डा0 ए0पीजे0 अब्दुल कलाम सभागर में सम्पन्न हुई।इस अवसर पर देश की राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को बनाये रखने तथा जनपद की महान विभूतियों स्वामी पं0 परमानन्द महाराज, दीवान शत्रुधन सिंह, स्वामी बृम्हानन्द महराज तथा जनपद की अन्य विभूतियों के संघर्ष को याद करते हुए उनके जीवनी व जीवनकाल के दौरान किये गए समाजहित के कार्यो पर प्रकाश डाला।कहा कि आम जनमानस को अराजक्तत्वों के बहकावे में न आने के लिए अपील की।कहा कि जो देश की एकता व अखण्डता व सामाजिक सौहार्द के बनाये रखने में बाधक हो। गोष्ठी को लखन लाल जोशी, जलीस खान, गुरुदेव सिंह सहित गोष्ठी में उपस्थित अन्य कवि व साहित्यकारों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।

बैठक में उप जिलाधिकारी सदर पवन प्रकाश पाठक, सीओ सदर राजेश कमल, पीडी साधना दीक्षित, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी एनके कुशवाहा सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी, समाजसेवी, कवि, साहित्यकार उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ.जीके द्विवेदी ने किया।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews @gmail.com**



# आयुष की 'रुसलान' का प्री-टीजर रिलीज

**मुंबई।** फिल्म अंतिम से फैंस का दिल जीतने वाले कलाकार आयुष शर्मा आने वाले समय में फिल्म 'रुस्लान' में दिखाई देंगे। लंबे समय से इस मूवी का लेकर सलमान खान के बहनोई का नाम चर्चा का विषय बना हुआ है। ऐसे में 'रुस्लान' को लेकर अब एक बड़ा लेटेस्ट अपडेट सामने आया है। मेकर्स की तरफ से आयुष शर्मा की इस फिल्म का प्री-टीजर लॉन्च कर दिया गया है, जिसमें आयुष धमाकेदार एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। सलमान खान के साथ फिल्म अंतिम में जिस तरह से आयुष शर्मा ने अपने अभिनय का हुनर दिखाया, उससे हर कोई उनका दीवाना हो गया। इसके बाद फैंस उन्हें और भी कई मूवीज में देखने के लिए बेताब हो गए।

लाइफ Style



# जान्हवी कपूर

## 'देवारा' के लिए सीख रही हैं तेलुगू


एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर साउथ फिल्म इंडस्ट्री में अपनी नई पारी शुरू करने जा रही हैं। उनकी डेब्यू मूवी का नाम 'देवारा' है, जिसके पहले पार्ट में वो जूनियर एनटीआर संग नजर आएंगी। सैफ अली खान विलेन के रोल में होंगे।

फिल्म इस साल अक्टूबर महीने में रिलीज होगी, लेकिन इससे पहले जान्हवी ने बताया कि इस फिल्म के जरिए वो अपनी जड़ों की तरफ जा रही हैं, क्योंकि वो तेलुगू सीख रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में जान्हवी ने अपनी अपकमिंग मूवी 'देवारा' के बारे में बात की और कहा कि उन्हें बहुत खुशी है कि वो इस फिल्म का हिस्सा हैं, क्योंकि इस फिल्म के जरिए वो अपनी जड़ों के करीब आ रही हैं और तेलुगु सीख रही हैं। मालूम हो कि जान्हवी की मां श्रीदेवी ने जूनियर एनटीआर के दादा एनटी रामा राव के साथ साउथ इंडस्ट्री में करियर की शुरुआत की थी। ये कहना गलत नहीं होगा कि जान्हवी अपनी मां के नक्शे कदम पर चल रही हैं। उन्होंने कहा, 'मैं इंजॉय कर रही हूं कि मैं इस फिल्म का हिस्सा हूं, जो मुझे भाषा सीखने का मौका दे रही है और ये मुझे ऐसा महसूस करा रही है कि जैसे मैं अपनी जड़ों के करीब आ रही हूं।'

जान्हवी ने कहा, 'मैंने कभी तेलुगू नहीं सीखी। ये एक ऐसी चीज है, जिस पर मुझे शर्म आती है। मैं इसे फोनेटिकली समझ सकती हूं, लेकिन बोल नहीं सकती। हां, मुझे इसका बहुत पछतावा हुआ। मैं पिछले कुछ समय से इस हिस्से के प्रति लापरवाही बरत रही हूं, लेकिन 'देवारा' टीम बहुत धैर्यवान और मददगार है।

हॉलीवुड मसाला



# 61 की उम्र में ब्रेकअप

**लॉस एंजिलिस।** टॉप गन 2 कलाकार टॉम क्रूज हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर्स में शुमार हैं। अक्सर टॉम अपनी निजी और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चा का विषय बने रहते हैं। इस बीच टॉम क्रूज को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है की 61 साल के इंग्लिश फिल्म अभिनेता और उनकी 36 वर्षीय रूस की गर्लफ्रेंड एल्सिना खैरोवा के साथ रिश्ते में खटास पैदा हो गई है, जिसके चलते इन दोनों के ब्रेकअप की खबर इस समय जमकर सुर्खियां बटोर रही है।




# नॉमिनेशन नहीं होने पर हुई तकलीफ

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड मूवी 'बार्बी' ने पिछले साल बॉक्स ऑफिस पर खूब तबाही मचाई। इसने ग्लोबल लेवल पर 8 हजार करोड़ से ज्यादा की कमाई की। हर तरफ इसकी चर्चा हुई। यहां तक कि दो गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड भी झटके। हालांकि, लोगों को तब बहुत हैरानी हुई, जब ऑस्कर में इसे बेस्ट डायरेक्टर और बेस्ट एक्ट्रेस कैटेगरी में जगह नहीं मिली। अब डायरेक्टर ग्रेटा गेरविग ने इसको लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी है। ग्रेटा गेरविग ने कहा, 'निश्चित रूप से मैं इसे मार्गोट (रॉबी) के लिए चाहती थी, लेकिन मुझे खुशी है कि हम सभी वहां एक साथ हैं। एक दोस्त की मां ने मुझसे कहा, 'मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि तुम नॉमिनेटेड नहीं हो।' लेकिन मैंने कहा, 'लेकिन मैंने किया। मुझे ऑस्कर नॉमिनेशन मिला।'



# 23 साल की उम्र में खरीदी करोड़ों की प्रापर्टी

**मुंबई।** सुहाना खान की पहचान अब सिर्फ शाह रुख खान की बेटी ही नहीं बल्कि बी टाउन एक्ट्रेस के तौर भी बन गई है। डायरेक्टर जोया अख्तर की ओटीटी फिल्म द आर्चीज के जरिए फिल्मी दुनिया में कदम रखने वालीं सुहाना का नाम इस समय लगातार सुर्खियां बटोर रहा है, जिसकी वजह उनके जरिए खरीदी गई करोड़ों रुपये की प्रोपर्टी बताई जा रही है। खबर है कि मुंबई के निकट अलीबाग इलाके में शाह रुख खान की बेटी ने नई संपत्ति खरीदी है। सुहाना ने मुंबई के पास अलीबाग में एक करोड़ों कीमत वाली प्रोपर्टी को खरीदा है। मिली जानकारी के मुताबिक अलीबाग के रिहाइशी इलाके में मौजूद इस जगह की कीमत 12.91 करोड़ बताई जा रही है, जिसकी जगह करीब 7 हजार 820 स्क्वायर मीटर में फैली हुई है।



# कार्तिक ने ओलंपिक चैंपियन से ली ट्रेनिंग

**मुंबई।** एक्टर कार्तिक आर्यन स्टारर फिल्म 'चंदू चैंपियन' इस साल की सबसे बड़ी रिलीज में से एक है। ये फिल्म लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म में कार्तिक आर्यन के लुक को लेकर काफी चर्चा हैं, जो फिल्म में पहले कभी न देखे गए अवतार में नजर आएंगे। एक्टर अपने किरदार को परफेक्ट बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अपने किरदार में पूरी तरह से ढलने के लिए कार्तिक ने कड़ी ट्रेनिंग की है। कार्तिक आर्यन को ओलंपिक स्विमिंग चैंपियन वीरधवल खाड़े ने ट्रेन किया है। अर्जुन अवॉर्ड विजेता और स्विमिंग चैंपियन वीरधवल खाड़े ने फिल्म के लिए कार्तिक को स्विमिंग स्किल्स में सुधार करने के लिए ट्रेनिंग दी है। वहीं कार्तिक ने भी चंदू चैंपियन के अपने किरदार को 100% देने के लिए अपना दिल और जान लगा दी।

टीवी मसाला



# टीवी के 'कृष्ण' नीतीश की प्रॉपर्टी बेचना चाहती है आईएएस बीवी

**मुंबई।** बीआर चोपड़ा के 'महाभारत' सीरियल में भगवान कृष्ण का किरदार निभाकर घर-घर में पहचान बनाने वाले एक्टर नीतीश भारद्वाज अपने ही घर में चल रहे 'गृहयुद्ध' को लेकर चर्चा में हैं। विवाद का ये सिलसिला तब शुरू हुआ, जब उन्होंने अलग रह रही आईएएस वाइफ स्मिता भारद्वाज पर ये आरोप लगाया कि वो बेटियों को उनसे मिलने नहीं दे रही हैं। स्मिता ने नीतीश भारद्वाज की अचल संपत्ति कुर्क करने और घर के पुराने सामान की बिक्री के लिए अदालत से मदद मांगी है, ताकि वो पैसे का इस्तेमाल अपनी बच्चियों के भरण-पोषण के लिए कर सकें। स्मिता के वकील चिन्मय वैद्य ने कहा, 'मैं बस इतना कह सकता हूं कि फैमिली कोर्ट में एक डार्कहास्ट दायर किया गया है और चूंकि मामला विचाराधीन है, इसलिए मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता।' स्मिता इस समय भोपाल में अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत हैं। दोनों ने साल 2021 में तलाक के लिए कोर्ट में अर्जी दी थी, मामला अभी कोर्ट में चल रहा है।

# हिना खान मुनव्वर की मां जैसी दिख रही हैं, बेकार कपल

**मुंबई।** 'बिग बॉस 17' के विनर मुनव्वर फारूकी का नया म्यूजिक वीडियो रिलीज हुआ है, जिसमें हिना खान के साथ उनकी जोड़ी नजर आ रही है। इस गाने का टाइटल है 'हल्की हल्की सी', जिसमें हिना



खान बंगाली लुक में नजर आ रही हैं। हालांकि, इस गाने पर यूट्यूब पर जहां जहां लोगों की तारीफें खूब बरसी हैं वहीं इंस्टाग्राम पर मौजूद इस वीडियो पर काफी लोग इस जोड़ी की आलोचना भी कर रहे हैं। मुनव्वर और हिना खान ने इस गाने की शूटिंग कोलकाता में की है। चूंकि गाने का थीम बंगाली लड़की और लड़के के प्यार की कहानी है। पपाराजी के अकाउंट पर शेयर किए गए इस वीडियो को देखकर लोगों ने कहा है- काफी बुरा पेयर है, मुनव्वर रामू काका का बेटा लग रहे और हिना खान उनकी मां जैसी दिख रही हैं। एक ने कहा- मुनव्वर की एक्टिंग देखकर अर्जुन कपूर के लिए मेरा रिस्पेक्ट बढ़ गया। एक और ने कहा- इससे अच्छा तो पहले वाला सॉन्ग था।

# विवेक और शाहरुख ने चार साल से नहीं की बात





**मुंबई।** एक्टर और प्रोड्यूसर विवेक वासवानी बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान के करीबी रहे हैं। जब शाहरुख खान फिल्मों में किस्मत आजमाने के लिए संघर्ष कर रहे थे, उस वक्त उनकी मदद विवेक वासवानी ने की थी। उन्होंने न सिर्फ फिल्म इंडस्ट्री में शाहरुख खान के लॉन्च की रणनीति बनाई, बल्कि रहने के लिए अपने घर में जगह भी दी, ताकि उन्हें मुंबई में धक्के ना खाने पड़े। विवेक वासवानी ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया। जहां उन्होंने शाहरुख खान को लेकर बात की। विवेक ने बताया कि वो पिछेल चार साल से एक्टर से नहीं मिले है। आखिरी बार दोनों की मुलाकात 2018 में शाहरुख खान के बर्थडे पर हुई थी। सिद्धार्थ कन्नन के साथ बातचीत में उन्होंने कहा, हमारा कोई रिश्ता नहीं है। हम बात नहीं करते। हम मिलते नहीं, लेकिन जब मिलते हैं, तो ऐसा लगता है मानो सालों हुए ही नहीं। मैं शहर में नहीं रहता हूं। मैं एक टीचर हूं। मैं एक स्कूल का डीन हूं। मैं रोज 18 घंटे काम करता हूं। मैं बस और लोकल ट्रेन से यात्रा करता हूं और शाहरुख एक सुपरस्टार हैं।

# मंगलसूत्र और पिंक चूड़ा में दिखीं नई-नवेली दुल्हन रकुल



**मुंबई।** शादी के बाद पहली बार एयरपोर्ट पर दिखे रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी । नई नवेली दुल्हन के अंदाज ने खींचा सबका ध्यान। पीले रंग की ड्रेस में रकुल बेहद खूबसूरत दिखीं और उन्होंने मंगलसूत्र के साथ पिंक कलर का चूड़ा पहन रखा था। रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी शादी के बाद पहली बार पपाराजी के कैमरे में पब्लिक प्लेस पर कैप्चर हुए। दोनों का वीडियो गोवा एयरपोर्ट से सामने आया है, जिसमें पीले रंग के आउटफिट में दुल्हन और दूल्हे राजा कुर्ता पायजामा में दिख रहे हैं। नई-नवेली दुल्हन रकुल के गले में मंगलसूत्र नजर आ रहा है। रकुल प्रीत और जैकी भगनानी ने धूमधाम से गोवा में 21 फरवरी को शादी रचाई। शादी के बाद जहां गेस्ट फैरन वहां से रवाना हो गए वहीं रकुल और जैकी आज 24 फरवरी को गोवा से निकले हैं। शादी के बाद दुल्हन के रूप में पब्लिक के बीच पहली बार रकुल पहुंचीं। उन्होंने मंगलसूत्र के साथ-साथ हाथो में पिंक कलर का चूड़ा भी पहन रखा था। दुल्हन के इस लुक को लोग काफी पसंद कर रहे हैं।

# फिल्म 'क्रू' से तब्बू, करीना और कृति का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** करीना कपूर, कृति सेनन और तब्बू स्टारर फिल्म 'क्रू' की लेटेस्ट झलक सामने आ गई है, जिसमें तीनों एक्ट्रेसेस एयर होस्टेस की भूमिका में दिख रही हैं। इससे पहले इस फिल्म का टीजर सामने आया था जिसमें ऑडियो के साथ जो वीडियो शेयर किया गया था उसमें किसी का चेहरा नहीं दिखाया गया था। आखिरकार



इस फिल्म से तीनों एक्ट्रेसेस का लुक सामने आ गया है। हालांकि, इन तीनों के किरदार के साथ जो कुछ लिखा गया है उससे साफ है कि एयर होस्टेट के लिबास में दिख रहीं इन एक्ट्रेसेस के किरदार के साथ कुछ बड़ा सस्पेंस है। रिया कपूर और एकता कपूर के प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'क्रू' का ताजा पोस्टर शेयर करते हुए करीना कपूर ने लिखा है- चेक-इन करने के लिए रेडी रहिए, क्रू के साथ उड़ान भरने का वक्त आ गया है। करीना ने तीनों एक्ट्रेसेस के पोस्टर्स शेयर किए हैं। करीना की तस्वीर के साथ लिखा है- स्टील इट, तब्बू के पोस्टर के साथ लिखा गया है- रिस्क इट और कृति के पोस्ट में है- फेक इट। अब इसकी कहानी क्या है इसका खुलासा टीजर और ट्रेलर के साथ ही लगेगा।

## अदाकारी की चुनौती पर खरी उतरीं यामी और प्रियामणि

# आर्टिकल 370 : अहम विषय पर बनी संवेदनशील फिल्म

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म 'उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक' का निर्देशन कर चुके आदित्य धर ने सत्य घटना पर आधारित एक और फिल्म 'आर्टिकल 370' का निर्माण किया है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने की घटनाओं से आम जनता भली भांति परिचित हैं। लेकिन इस धारा को हटाने से पहले क्या-क्या तैयारियां हुई, वह सब इस फिल्म में दिखाया गया है। यह फिल्म जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दोनों को केंद्र शासित प्रदेश घोषित करने के प्रधानमंत्री कार्यालय के टॉप सीक्रेट फैसले पर आधारित है।

- कलाकार : यामी गौतम, प्रियामणि, अरुण गोविल, किरन करमारकर, राज जुत्शी, सुमित कौल, वैभव तत्ववादी, स्कन्द ठाकुर और इरावती हर्षे
- लेखक : आदित्य धर और मोनल ठाकुर
- निर्देशक : आदित्य सुहास जंभाले
- निर्माता : आदित्य धर, लोकेश धर और ज्योति देशपांडे
- रिलीज : 23 फरवरी
- रेटिंग : 3/5



### छह भागों में बंटी फिल्म

इस फिल्म की कहानी को छह अध्यायों में बांटा गया है, जिनमें से पहला अध्याय एक आतंकवादी संगठन के युवा कमांडर बुरहान वानी की कहानी से शुरू होता है। 2016 में उसकी मौत के बाद घाटी में कई विरोध प्रदर्शन हुए, पत्थर बाजी हुई, जिसके बाद पीएमओ सचिव राजेश्वरी स्वामीनाथन हरकत में आ गई । कहानी फिर उस समय तक पहुंचती है जब राज्य में राष्ट्रपति शासन लग जाता है। इसके बाद भी स्थिति ज्यादा नहीं बदलती और 2019 में पुलवामा आतंकी हमला हुआ, जिसके बाद केंद्र सरकार हरकत में आई और जम्मू कश्मीर के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेने का फैसला लिया।

### बुरहान से शुरू होती है फिल्म

फिल्म की कहानी एक खुफिया अधिकारी जूनी हक्सर से शुरू होती है। जूनी हक्सर को आतंकवादी संगठन के युवा कमांडर बुरहान वानी के ठिकाने के बारे में पता चलता है और वह उसे मुठभेड़ में मार देती है। इस घटना से कश्मीर में पत्थरबाजी शुरू हो जाती है और इस घटना का जिम्मेदार जूनी हक्सर को मानकर दिल्ली में स्थानांतरित कर दिया जाता है। जैसे ही सरकार अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की दिशा में आगे बढ़ती है। पीएमओ सचिव राजेश्वरी स्वामीनाथन अपनी एक टीम का गठन करती है और कश्मीर में एनआईए ऑपरेशन का नेतृत्व करने के लिए जूनी हक्सर को नियुक्त करती है। जूनी हक्सर घाटी में शांति और एकता बनाए रखने की यात्रा में भ्रष्ट स्थानीय नेताओं और उग्रवादियों द्वारा उत्पन्न बाधाओं से होकर गुजरती है।

### अनुच्छेद 370 हटाने से पहले की खामियों की पहचान

इस फिल्म में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 हटाने से पहले कैसे जम्मू-कश्मीर संविधान की जांच की, उन खामियों की पहचान की, जिससे अनुच्छेद 370 को निरस्त करने में मदद मिली। एक पुराने सरकारी पुस्तकालय से प्राप्त 1954, 1958 और 1965 के दस्तावेजों से महत्वपूर्ण चूक का पता चला, जिससे जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को काफी पहले हटाया जा सकता था। इस फिल्म की कहानी आदित्य धर ने मोनल ठाकुर के साथ मिलकर लिखी हैं। फिल्म के निर्देशक आदित्य सुहास जंभाले ने फिल्म की कहानी के जरिए देशभक्ति की उत्तम भावनाओं को पर्दे पर पूरी तरह से पेश करने में सफल हैं।

### कलाकारों का शानदार प्रदर्शन

फिल्म की कहानी मुख्य रूप से दो किरदार जूनी हस्कर और पीएमओ सचिव राजेश्वरी स्वामीनाथन के इर्द-गिर्द घूमती है। जूनी हस्कर की भूमिका में यामी गौतम और पीएमओ सचिव राजेश्वरी स्वामीनाथन की भूमिका में प्रियामणि का फिल्म में जबरदस्त प्रदर्शन रहा है। प्रधानमंत्री की भूमिका में अरुण गोविल और गृह मंत्री की भूमिका में किरन करमारकर की भूमिका काफी प्रभावशाली हैं।